संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 19 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 318 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



## प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमसे पूछे बिना प्रतिबंध न हटाएंः सुप्रीम कोर्ट

## एनसीआर में शामिल राज्य सरकारें 12वीं तक स्कूल बंद करने पर तुरंत फैसला लें

# गैस चैंबर बनी दिल्लीः सांसों पर संकट...

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली-एनसीआर रीजन में सरकारों को निर्देश दिया है कि प्रदूषण की गंभीर स्थिति देखते हुए 12वीं तक के स्कूल बंद करने पर फैसला लें। एक्यूआई का स्तर नीचे लाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान स्टेज 3 और स्टेज 4 के सभी जरूरी प्रतिबंधों को लागू किया जाए। इसी मुद्दे पर सोमवार सुबह जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा कि स्टेज 3 की पाबंदियां लागू करने में आपने देरी क्यों की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आप हमारी इजाजत के बगैर ग्रैप स्टेज 4 से नीचे नहीं आएंगे। भले ही एक्यूआई 300 से नीचे ही क्यों ना आ जाए। कोर्ट ने 12वीं तक के फिजिकल क्लासेस बंद करने पर भी जल्द फैसला लेने को कहा।


### दिल्ली में लग गया पहरा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में सांसों के संकट के बीच 'हवा और खराब' हो गई। सुबह सात बजे आरकेपुरम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 669 और श्रीनिवासपुरी में 633 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के अन्य इलाकों का एक्यूआई भी गंभीर स्थिति में दर्ज किया गया है। सीएक्यूएम) की सब कमेटी ने कल आपात बैठक में गंभीर हो रही स्थिति पर चर्चा की। इसके बाद राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह आठ बजे से ग्रेप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) चार के आठ सूत्री एक्शन प्लान को लागू करने का निर्देश दिया गया है।

### एयरपोर्ट पर पांच विमानों का मार्ग बदला



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी नई दिल्ली आजकल उच्च प्रदूषण स्तर से जूझ रही है, जिसका असर विमानों के आवाजाही पर पड़ा है। खराब मौसम के कारण सोमवार सुबह इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में खराब मौसम के कारण सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर पांच उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। इनमें चार विमान को जयपुर और एक विमान को देहरादून की ओर मोड़ दिया गया। राष्ट्रीय राजधानी उच्च प्रदूषण स्तर से जूझ रही है, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में दृश्यता का स्तर भी कम हो गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के राज्य सरकारों को 5 निर्देश**

1. सभी राज्य सरकारें स्टेज 4 के प्रतिबंध तुरंत लगाएं और इनका सख्ती से पालन किया जाए।
2. सभी राज्यों में एक टीम बनाई जाए जो स्टेज 4 के लागू होने पर नजर रखे।
3. अगर किसी प्रतिबंध का उल्लंघन किया जाता है, तो ऐसे केस सुलझाने के लिए मैकेनिज्म बनाया जाए।
4. जब तक हम अगला आदेश नहीं देते, तब तक स्टेज 4 ग्रैप लागू रहना चाहिए, भले एक्यूआई 450 से नीचे आ जाए।
5. 10वीं और 12वीं की क्लास अभी भी लग रही है, एनसीआर में शामिल राज्य सरकारें तुरंत स्कूल बंद करने पर फैसला लें।

**एक्यूआई 400 के पार पहुंचने पर ग्रैप लगाया जाता है**

हवा के प्रदूषण स्तर की जांच करने के लिए इसे 4 कैटेगरी में बांटा गया है। हर स्तर के लिए पैमाने और उपाय तय हैं। इसे ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान कहते हैं। इसकी 4 कैटेगरी के तहत सरकार पाबंदियां लगाती है और प्रदूषण कम करने के उपाय जारी करती है।

**जस्टिस एएस ओकाः** हम यह देखना चाहते हैं कि दिल्ली सरकार स्टेज 3 कैसे लागू कर रही है?

**केंद्रः** जब एक्यूआई 300 से 400 के बीच होता है तो स्टेज 3 लागू कर दी जाती है।

**कोर्टः** जब यह इस रेंज में पहुंच गया तो स्टेज 3 लागू कर दिया जाता है। आप 3 दिन की देरी कैसे कर सकते हैं? हमें गाइडलाइन बताइए।

**सुप्रीम कोर्ट :** स्टेज 2 कब लागू की गई थी। यह 300 के पार कब पहुंचा।

**केंद्रः** 300 के पार 12 नवंबर को गया।

सुप्रीम कोर्टः तो आपने 3 दिन इंतजार किया?

**केंद्रः** हमें मौसम विभाग ने बताया था कि यह कुछ दिनों में नीचे आ जाएगा।

**सुप्रीम कोर्टः** क्या ऐसी गंभीर परिस्थितियों में कोई मौसम विभाग पर भरोसा कर सकता है? आप 3 दिन देरी कैसे कर सकते हैं?

**केंद्रः** अब तो स्टेज 4 लागू हो सकता है।

## प्रदूषण पर आतिशी ने केंद्र को ठहराया जिम्मेदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः राजधानी** में बढ़ते प्रदूषण और खराब एक्यूआई का जिम्मेदार पड़ोसी राज्यों को बताते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए केंद सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लोग बहुत परेशान हैं, सांस नहीं ले पा रहे हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि देश भर में पराली जल रही है। आतिशी ने कहा, 'कल पूरी रात मुझे कॉल आते रहे किसी को बुजुर्गों को अस्पताल में भर्ती कराना था। किसी को बच्चों के लिए स्ट्रॉइड लेना था। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान हर जगह पराली जल रही है और केंद्र सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पूरे उत्तर भारत में आज हेल्थ इमरजेंसी वाले हालत हैं।' उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर भारत में चिकित्सा आपातकाल की स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि देश भर में पराली जलाना अनियंत्रित रूप से जारी है। देश भर के सभी शहर - यूपी, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, एमपी और दिल्ली - प्रदूषण के गंभीर स्तर से जूझ रहे हैं। सब जगह पराली जल रही है। केवल पंजाब ने पराली की घटना कम की है। इस साल पंजाब में पराली की घटना घटकर केवल 8404 हुई है। जबकि यूपी में इसमें 60 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आतिशी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों से पूरे भारत में पराली जलाने की बढ़ती गंभीरता के बावजूद, केंद्र सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

**निशाना साधा**

**पंजाब, मध्य प्रदेश, यूपी, राजस्थान हर जगह पराली जल रही है और केंद्र हाथ पर हाथ धरे बैठी है**

## ब्राजील में भारतीय प्रवासियों ने मंत्रों के साथ किया मोदी का स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** तीन देशों की यात्रा पर निकले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को ब्राजील पहुंचे और वहां भारतीय प्रवासियों ने पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। राजदूत सुरेश रेड्डी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधियों ने रियो डी जेनेरियो में उनका स्वागत किया। रियो डी जेनेरियो में पारंपरिक पोशाक पहने वैदिक विद्वानों के समूह ने प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में संस्कृत श्लोकों का उच्चारण किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर गरबा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में उतरा हूं। मैं शिखर सम्मेलन में होने वाली चर्चाओं और विभिन्न विश्व नेताओं के साथ उपयोगी बातचीत की प्रतीक्षा कर रहा हूं। उन्होंने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में लिखा, रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय द्वारा दिए गए गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से मैं अभिभूत हूं। उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दशार्ती है, जो हमें महाद्वीपों के पार बांधता है। प्रधानमंत्री ने लिखा, ब्राजील में भारतीय संस्कृति का जश्न। रियो डी जेनेरियो में यादगार स्वागत के लिए आभार। ब्राजील में भारत की संस्कृति, धर्म, प्रदर्शन कला और दर्शन में काफी रुचि है। रामकृष्ण मिशन, इस्कॉन, सत्य साईं बाबा आंदोलन, महर्षि महेश योगी के अनुयायी और भक्ति वेदांत फाउंडेशन जैसे संगठनों की ब्राजील में सक्रिय शाखाएं हैं।

**अभिनंदन**

**वैदिक विद्वानों के समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संस्कृत श्लोकों का उच्चारण किया**

## 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे पर राहुल का हमला



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को धारावी परियोजना को लेकर पीएम मोदी और महाराष्ट्र सरकार को जमकर घेरा। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन राहुल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने एक तिजोरी सबके सामने रखी। उस पर लिखा था, 'एक हैं तो सेफ हैं'। उन्होंने तिजोरी के अंदर से दो पोस्टर निकाले। इसमें से एक पर उद्योगपति गौतम अदाणी और पीएम मोदी की तस्वीर थी और दूसरे पर धारावी परियोजना की। इसे दिखाते हुए राहुल ने कहा कि यही है- पीएम मोदी का एक हैं तो सेफ हैं।उन्होंने कहा कि मैंने आपको 'एक हैं तो सेफ हैं' के नारे को अच्छे समझाया है। एक कौन हैं- वह नरेंद्र मोदी जी हैं, अदाणी हैं, अमित शाह जी है। सेफ हैं तो कौन हैं- अदाणी जी सेफ हैं। कष्ट किसको होगा तो धारावी की जनता को होगा। नुकसान किसको होगा तो धारावी की जनता को होगा। हिंदुस्तान की छोटी और मध्यम उद्योग, जिसका प्रतीक धारावी है, उसे एक व्यक्ति के लिए खत्म किया जा रहा है। इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव विचारधाराओं का चुनाव है।

## फिर किसान आंदोलनः शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान करेंगे दिल्ली कूच

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः 13 फरवरी से** शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान सभी फसलों पर एमएसपी दिए जाने की मांग को लेकर बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं।

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से चंडीगढ़ में हुई बैठक के बाद आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए किसान जत्थेबंदियों ने यह फैसला किया है कि 6 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे।

**परीक्षण** दोनों मिसाइलों की रेंज विस्तारित दूरी की ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल से भी अधिक होगी

## एयरोस्पेस की दुनिया में भारत ने बढ़ाई ताकत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत ने एक सप्ताह के भीतर लंबी दूरी की दो मिसाइलों का कामयाबी के साथ परीक्षण कर-के एयरोस्पेस की दुनिया में अपनी बढ़ती ताकत का एहसास करा दिया है। भारतीय सशस्त्र बलों के इस्तेमाल में आने वाली यह दोनों सबसे लंबी दूरी की पारंपरिक मिसाइलें होंगी, जिनकी रेंज विस्तारित रेंज वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल से भी अधिक होगी। भारत को अब एक शक्तिशाली रॉकेट फोर्स की जरूरत है, जिसके लिए गाइडेड पिनाका रॉकेट सभी 12 परीक्षण पूरे होने के बाद अब 44 सेकंड में 60 किमी. दूर तक सात टन तक विस्फोटक से हमला करने में सक्षम हो गया है। भारत ने इसी माह लंबी दूरी की हाइपरसोनिक और सबसोनिक नौसेना मिसाइलों के पहले परीक्षण किये हैं। सबसोनिक लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) और हाइपरसोनिक लंबी दूरी की एंटी-शिप मिसाइल (एलआरएएसएचएम) दोनों ही सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल की पूरक होंगी, जो वर्तमान में भारतीय नौसेना का प्राथमिक स्ट्राइक हथियार है। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला उड़ान परीक्षण किया। इस दौरान सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करके प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर के विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर के जरिए मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी की गई।



# जेईएम ने भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में विक्रेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सरकारी ई-**मार्केटप्लेस (जेईएम) नई दिल्ली में 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में भाग लेने वाले भारतीय विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को सक्रिय रूप से पंजीकृत और शामिल कर रहा है। यह आयोजन 14 से 27 नवंबर, 2024 तक भारत मंडपम कॉम्प्लेक्स में हो रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि जेईएम इस वर्ष की थीम विकसित भारत@2047 के अनुरूप 43वें आईआईटीएफ 2024 के दौरान अपने मंडप (हॉल नंबर 4, स्टॉल नंबर , पहली मंजिल) में व्यापक पंजीकरण अभियान चलाया है। इसके तहत जेईएम भारतीय विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को सक्रिय रूप से पंजीकृत और शामिल कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि समावेशी आर्थिक विकास को गति देने में पोर्टल की भूमिका पर जोर देते हुए जेईएम




भारत सरकार की एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत भाग लेने वाले छोटे पैमाने के विक्रेताओं, विशेष रूप से कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों को अंत-से-अंत सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सार्वजनिक खरीद परिदृश्य में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक इस उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए जेईएम मंडप को तत्काल कैटलॉग अपलोडिंग सहायता के लिए एक पेशेवर फोटो शूट सेट से सुसज्जित किया गया है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है।

जेईएम के प्रतिनिधि भी पोर्टल की पहुंच बढ़ाने और इसके विभिन्न लाभों पर प्रकाश डालकर इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हर स्टॉल का दौरा करेंगे, जिसमें सालाना 4 लाख करोड़ रुपये से ज?यादा की सार्वजनिक खरीद के लिए सीधे बाजार से जुड़ाव शामिल है। उल?लेखनीय है कि जेईएम एक ऑनलाइन प?लेटफॉर्म है, जो केंद्रीय और राज्य सरकार के

**पंजीकृत**

**त जेईएम भारतीय विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को सक्रिय रूप से पंजीकृत और शामिल कर रहा है।**

मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित विभिन्न सरकारी निकायों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की सुविधा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत छोटे पैमाने के विक्रेताओं, विशेष रूप से कारीगरों और शिल्पकारों का समर्थन करना है। भारत की संस्कृति, व्यापार और नवाचार का एक जीवंत प्रदर्शन, 43वां आईआईएफटी जेईएम पर संपन्न सार्वजनिक खरीद बाजार में घरेलू विक्रेताओं के लिए सहयोग को बढ़ावा देने और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ाने के लिए एक असाधारण मंच है।

## बलवंत सिंह राजोआना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश अभी नहीं होगा लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के दोषी बलवंत सिंह राजोआना को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सुबह दिया आदेश अभी लागू नहीं होगा। सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश के अमल पर रोक लगा दी है।

## भाजपा ने मेट्रो स्टेशन पर बांटा मास्क

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सोमवार को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर जनता को मास्क वितरित किए। इस मौके पर इन नेताओं ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली



में हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में बनी हुई है। इसके कारण से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ये वायु प्रदूषण दो महीने तक सीमित नहीं हैं, इसे हल करने के लिए पूरे साल काम करने की जरूरत है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में हालात बदतर होते जा रहे हैं। दिल्ली सरकार जिस तरह का शासन चला रही है, उससे दिल्ली के लोग परेशान हैं। धूल पर नियंत्रण करना होगा और पंजाब में पराली जलाना बंद करना होगा। वायु प्रदूषण की समस्या दिल्ली सरकार के खराब काम के कारण है, जिसका परिणाम दिल्ली की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भाजपा लगभग एक महीने से लगातार कह रही है कि प्रदूषण कोई मुद्दा नहीं है, हमें इस मुद्दे को हल करने के लिए पूरे साल काम करना होगा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि ग्रैप - 4 लागू हो गया है, एक्यू 475 से ऊपर है, लोग बीमार पड़ रहे हैं। हर कोई खांस रहा है। पिछले 10 वर्षों में आम आदमी पार्टी के कुशासन से लोग त्रस्त हैं। यदि वे उपाय किए जा रहे हैं और इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रित नहीं हो रहा है तो उन्हें धूल पर नियंत्रण करना होगा।

और पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगानी होगी, जिसके बारे में वे बात नहीं कर रहे हैं।

## आई.टी.आई राजलुगढ़ी में 20 नवम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**गन्नौर:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलु गढ़ी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि संस्थान में 20 नवम्बर को जॉब फेयर मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के प्रधानाचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि मेले में लगभग 7 कंपनी भाग ले रही हैं। संस्थान में एआईटीटी अंडर सीटीएस 2024 में पास हुए तथा पहले पास हुए युवा को किसी कारण से अभी तक रोजगार नही मिला है और अप्रेंटिसशिप नही लगे विद्यार्थियों के लिए रोजगार प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है। सभी सरकारी व प्राइवेट आई.टी.आई प्रधानाचार्य अपने- अपने संस्थान से पास आउट छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक प्रेरित कर रोजगार मेले में हिस्सा दिलाए।

## केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने टेक्स्टाइल इंडस्ट्री का किया दौरा

**गन्नौर।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सोमवार को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में टेक्स्टाइल इंडस्ट्री महाजन ओवरसीज में पहुंचे। यहां उन्होंने टैक्स्टाइल से जुड़े उद्यमियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सबसे बड़ा रोजगार देने वाला राज्य है। सोनीपत से सटा पानीपत जिला टेक्सटाइल क्षेत्र में लगभग 8 से 10 लाख लोगों को रोजगार दे रहा है। जबकि भारत में करीब साढ़े चार करोड़ लोग इस फील्ड में हैं। केंद्र सरकार ने 2030 तक इसे बढ़ा कर 6 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।


**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 18.11.2024

**शुद्धिपत्र -XIII**

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 20.12.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

तकनीकी और वाणिज्यिक पूर्व बोली सम्मेलन पर प्रतिक्रिया, वाणिज्यिक निविदा शर्तों और तकनीकी विशिष्टताओं एवं द्वितीय पूर्व बोली सम्मेलन के बाद अंतिम निविदा दस्तावेज से संबंधित शुद्धिपत्र–XIII वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

3556/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश कुमार पुत्र स्व. श्री गंगा सरन निवासी म.नं. 348ए/3, आश्रम गली नं. 4, मण्डावली फजलपुर, दिल्ली, दूसरा पता: गांव+पोस्ट मालागढ़, थाना अगुता, जिला बुलन्दशहर, यू.पी.** ने case **FIR No. 30/2012 U/s 279/337/474/471/468/482 IPC, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **दिनेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दिनेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 30/2012 U/s 279/337/474/471/468/482 IPC, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 21.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आयुषी सक्सेना
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 07, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15113/NE/2024(Court Matter)



**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2024-25-35 के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | 'Annual Maintenance Contract (AMC) for 36 (thirty six) months of EOT Cranes with stand by spare installed in Electric Loco Shed, Ghaziabad'. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 51,31,201.08 |
| 3 | धरोहर राशि | Rs. 1,02,600.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 07.12.2024 (11:00 hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 07.12.2024 (After 11:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।

संख्या 230-TRS-GZB-2024-25-35 दिनांक 16.11.2024 3552/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र ग्रोवर, पुत्र राम स्वरूप ग्रोवर निवासी डब्ल्यूजेड-944, खजान बस्ती, मायापुरी, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 207/2018 धारा 12/9/55 गैंबलिंग, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र ग्रोवर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र ग्रोवर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है))।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 207/2018 धारा 12/9/55 गैंबलिंग, थाना सागरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र ग्रोवर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं.18, प्रथम तल, मेन बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

दि.पु./15266/दक्षिण पश्चिम/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुहेल उर्फ राजा, पुत्रः जमील, पताः मकान नं. ए–264 गली नंबर 8 अल–कुरेश मस्जिद के पास, चौहान बांगर जाफराबाद, दिल्ली** ने **FIR No. 25/2019, U/s: 380/457/411 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुहेल उर्फ राजा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **सुहेल उर्फ राजा** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 25/2019, U/s: 380/457/411 IPC, पुलिस थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **सुहेल उर्फ राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.12.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आयुषी सक्सेना,
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 07
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15156/NE/2024



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इमरान पुत्र मो. याकूब, निवासी आर–323 जे.जे. कॉलोनी, मंगोलपुरी** ने **FIR No. 82/17, U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना भारत नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इमरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 82/17, U/S 356/379/34 IPC, अन्तर्गत थाना भारत नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इमरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर पश्चिम, कमरा नं.101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15247/NW/2024(Court Matter)



**अभियुक्तों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) राजबाला पत्नी श्री नरेन्द्र (2) राम दुलारे निवासी सी–77, केएच. नंबर 20/18–19, गली नंबर 4, पांचाल विहार, (पोल नंबर KWN Y664), दिल्ली–110094** ने **CT No. 484/2019, U/S 151/135/150 I.E. Act, अन्तर्गत थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्तों **राजबाला और राम दुलारे** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तों **राजबाला और राम दुलारे** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहे हैं)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CT No. 484/2019, U/S 151/135/150 I.E. Act, अन्तर्गत थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तों **राजबाला और राम दुलारे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे मक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार,
श्री आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश 05,
पूर्वी जिला न्यायालय संख्या 21, प्रथम तल
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15072/NE/2024(Court Matter)



**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)
1. **42/व0प्र0(जल–II)/ई0टी0/2024–25,** जलापूर्ति सुदृढ़ीकरण (भूमिगत जलाशय सैक्टर–34 की चारदीवारी को शिफ्ट किये जाने का कार्य) नौएडा। लागत ₹17.31 लाख
2. **44/व0प्र0(जल–II)/ई0टी0/2024–25,** ग्रामीण विकास (ग्राम–निठारी में द्वि–वार्षिक आधार पर सीवर मैंनहोल खोजने, ऊँचा उठाने व मैंनहोल की सफाई, सीवर मैंनहोल कवर फ्रेम लगाने तथा अन्य सीवर सम्बन्धित कार्य), नौएडा। लागत ₹28.94 लाख
3. **05/व0प्र0(जल–बा0सं0)/ई0टी0/2024–25,** संचालन एवं अनुरक्षण (एस0टी0पी0–50 पर शोधित जल यू0जी0आर0 एवं हाइड्रेन्ट के दो वर्ष हेतु संचालन का कार्य) नौएडा। लागत ₹21.02 लाख

जिन्हें दिनांक **02.12.2024** को सायं **5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनॉक **03.12.2024** को प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेंगी।

(ख)
1. **15/व0प्र0(जल)–II/ई0टी0/2024–25,** सीवर अनुरक्षण (सैक्टर–20 एवं 28 में एस0पी0एस0 –20 एवं 28 की सुपर सकर मशीन के द्वारा सफाई) (दो वर्ष हेतु) नौएडा। लागत ₹12.16 लाख
2. **02/व0प्र0(जल–बा0सं0)/ई0टी0/2024–25,** एक्सप्रेस–वे पर स्थित सीवर लाईन एवं एम0एस0पी0एस0/एस0पी0एस0 के संचालन एवं अनुरक्षण (एम0एस0पी0एस0–1 सैक्टर–136 पर 630 के0वी0ए0 ट्रान्सफार्मर की आपूर्ति एवं स्थापना तथा प्लेटफार्म के निर्माण का कार्य), नौएडा। लागत ₹17.84 लाख

जिन्हें दिनांक **25.11.2024** को सायं **5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनॉक **26.11.2024** को प्रातः **11.00 बजे** खोली जायेंगी।

"महत्वपूर्ण सूचना–
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र **(Flood Plain Zone)** में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

महाप्रबन्धक (जल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**VIRTUALSOFT SYSTEMS LIMITED**
Regd. Off: S-101 Panchsheel Park, New Delhi - 110017
CIN-L72200DL1992PLC047931

EXTRACT STATEMENT OF UN AUDITED STANDLONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER SEPTEMBER 30, 2024

(Figures Rs. in Lacs)

| Particulars | Standalone: Quarter ending/ Current Year ending (Un-audited) | Standalone: Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Standalone: "Corresponding 3 months ended in the previous year Quarter Ending" (Un-audited) | Consolidated: Quarter ending/ Current Year ending (Un-audited) | Consolidated: Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Consolidated: Corresponding 3 months ended in the previous year Quarter Ending (Un-audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2024 | 31.03.2024 | 30.06.2024 | 30.09.2024 | 31.03.2024 | 30.06.2024 |
| Total income from operations (net) | 30.00 | 138.73 | 27.00 | 469.87 | 511.82 | 107.53 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 3.34 | (111.20) | (24.83) | (113.95) | (192.45) | (58.84) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 0.34 | (111.20) | (24.83) | (113.95) | (192.45) | (58.84) |
| Equity Share Capital | 344.23 | 1029.76 | 1029.76 | 344.23 | 1029.76 | 1029.76 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹10/- each) Basic : Diluted: | | | | | | |
| Basic : | 0.10 | (1.08) | (0.24) | (3.31) | (1.87) | (0.57) |
| Diluted : | 0.01 | (1.08) | (0.24) | (3.31) | (1.87) | (0.57) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹10/- each) | | | | | | |
| Basic : | 0.01 | (1.08) | (0.24) | (3.31) | (1.87) | (0.57) |
| Diluted : | 0.01 | (1.08) | (0.24) | (3.31) | (1.87) | (0.57) |

NOTES
(The above is in extracrt of the detailed format of the Standlone and Consoliated Quarterly Un Audited Financial Result for the Quarter ended September 30, 2024 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange **websites.www.besindia.com** and on the Company **websites.www.virtsoft.com.**

For VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.
Sd/-
Gokul Tandan
Managing Director

New Delhi
14-11-2024


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी के निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध स्थापन किए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# बढ़ रहा है प्रदूषण...अभी और बिगड़ेंगे हालात... हो जाएं तैयार

## दिल्ली के कई इलाके हैं, जो रेड जोन में हैं, ऐसे इलाकों में स्वास्थ्य सलाहकार मास्क लगाकर बाहर निकलने या घर से न निकलने की सलाह दे रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर** में धुंध की चादर है। हवाओं में प्रदूषण बढ़ रहा है। हालात और खराब होने की आशंका है। राजधानी गैस चैंबर बन गई है। हवा की गति व दिशा बदलने से वायु गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी की दहलीज में पहुंच गई है। लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं।

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 441 के करीब पहुंच गया। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई है, जो गंभीर श्रेणी में है। वहीं, वायु सूचकांक में 24 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पालम हवाई अड्डे पर हल्का कोहरा दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे से नौ बजे दृश्यता सबसे कम 500 मीटर दर्ज की गई। इसके बाद दोपहर साढ़े नौ बजे 600 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग हवाई अड्डे पर सुबह 7 बजे से 9 बजे तक सबसे कम दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जो बाद में सुधरकर 9:30 बजे 400 मीटर हो गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि कमोबेश यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है। इससे वाहन चालकों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सबुह से ही स्मॉग की चादर छाई नजर आई, दोपहर में धूप निकलने के बाद भी इससे कोई राहत नहीं मिली। यही नहीं शाम को स्थिति और गंभीर हो गई। ऐसे में लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत व गले में खराश होने लगी है। डिसिजन स्पोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के मुताबिक हवा में ट्रांसपोर्ट से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 15.842 फीसदी, कूड़ा जलने से होने वाले प्रदूषण की हिस्सेदारी 1.5 फीसदी रही। जबकि, पराली के धुएं की हिस्सेदारी 25.107 फीसदी रही। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदूषकों के प्रभावी फैलाव के लिए मौसम संबंधी परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। वेंटिलेशन इंडेक्स 7200 घनमीटर प्रति सेकंड रही। 24 घंटे के भीतर वेंटिलेशन इंडेक्स 16200 घनमीटर प्रति सेकंड रहने का अनुमान है।





### दिल्ली की जहरीली हवा में सांस लेना मतलब 49 सिगरेट पीने जैसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के शहरों में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है। दिल्ली के कई इलाके हैं, जो रेड जोन में हैं। ऐसे इलाकों में स्वास्थ्य सलाहकार मास्क लगाकर बाहर निकलने या घर से न निकलने की सलाह दे रहे हैं। दिल्ली में कई इलाकों में सांस लेना मतलब सिगरेट पीने जैसा है। राष्ट्रीय राजधानी में सबसे खराब स्थिति 1023 के एक्यूआई पर है, जहां एक व्यक्ति प्रतिदिन 49 सिगरेट पीने के बराबर है।



**मास्क पहनना हुआ जरूरी**

यूसीएमएस और जीटीबी अस्पताल में सामुदायिक चिकित्सा के रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. रजत शर्मा ने कहा प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि एन95 मास्क पहनना जरूरत बन गई है। स्वस्त व्यक्ति भी सांस से संबंधित बीमारियों का शिकार हो सकता है। उन्होंने आगे बताया कि सर्जिकल या कपड़े के मास्क नहीं पहनना है। इस हालात में एन95 मास्क बेहतर उपाय है।

**बुधवार तक खतरनाक श्रेणी में पहुंच सकती है हवा**

सीपीसीबी के मुताबिक आनंद विहार, शादीपुर, बवाना समेत 14 इलाकों में एक्यूआई अति गंभीर श्रेणी में रहा। जबकि, मुंडका, नेहरू नगर समेत आठ इलाकों में हवा गंभीर श्रेणी व डीटीयू, लोधी रोड समेत तीन इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। भारतीय उष्णदेशीय मौसम भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर-पश्चिम से उत्तर दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 18 से 24 किलोमीटर प्रतिघंटे से रही।

हवाएं उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति छह से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ कोहरा छाए रहने की आशंका है। वहीं, मंगलवार को हवाएं उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 12 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है।

**एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा रहा सबसे प्रदूषित**

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया।

यहां एक्यूआई 362 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, फरीदाबाद में 275, गाजियाबाद में 362, नोएडा में 316 व गुरुग्राम में 310 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 2,200 से अधिक पुराने वाहन जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली परिवहन विभाग ने 1 अक्तूबर से 15 नवंबर के बीच 2,234 ओवरएज व्हीकल्स (जिन वाहनों की उम्र ज्यादा हो गई है) को जब्त किया है। यह राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से चल रहे अभियान का हिस्सा है। पिछले महीने शुरू किए गए इस कदम का मकसद राष्ट्रीय राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता का हल निकालना है। जिसके कारण सरकार को पिछले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में जीआरएपी के तीसरे और चौथे चरण को लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

**ये वाहन जब्त**

दिल्ली परिवहन विभाग ने खुलासा किया है कि जब्त किए गए ओवरएज वाहनों में 260 डीजल चार पहिया वाहन शामिल हैं जो 10 साल से ज्यादा पुराने हैं। इसके अलावा, इसने 1,156 पेट्रोल दोपहिया वाहन और 818 पेट्रोल तीन पहिया वाहन और चार पहिया वाहन भी जब्त किए हैं, जो सभी 15 साल से ज्यादा पुराने हैं। दिल्ली परिवहन विभाग ने कहा, यह अभियान दिसंबर तक जारी रहेगा और पर्यावरण नियमों को लागू करने और वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

**एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू**

ओवरएज वाहनों पर कार्रवाई के साथ-साथ, दिल्ली परिवहन विभाग ने जब्त वाहनों को स्क्रैप करने, वापस लेने या बेचने की सुविधा के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है। इसका दावा है कि यह प्लेटफॉर्म स्क्रैपिंग



की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए बनाया गया है। जिससे वाहन मालिकों को ऐसे वाहनों के प्रबंधन के लिए एक स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसीड्यूर) मिल सके।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने की सख्ती**

दिल्ली परिवहन विभाग ने पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं (आरवीएसएफ) को निर्देश जारी किए हैं कि वे एंड-ऑफ-लाइफ वाहनों को संभालने के लिए 2024 के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें। जैसा कि हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में अनिवार्य किया गया है। इसने आगे कहा कि आदेश का पालन न करने पर कार्यक्रम से बाहर रखा जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

ओवरएज वाहनों के खिलाफ यह अभियान 2018 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद चलाया जा रहा है, जिसमें दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। इसके अलावा, 2014 के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश में भी सार्वजनिक स्थानों पर 15 साल से अधिक पुराने वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई गई है।

# लापरवाही इतनी कि मीटिंग में कोई नहीं पहुंचा: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राजधानी में ग्रेप 4 के नियमों को प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर प्रस्तावित बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी नहीं पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों की लापरवाही है कि मीटिंग में कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचे। उन्होंने दोपहर 12 बजे की बैठक को बाद के लिए स्थगित कर दिया।

**दोपहर 3 बजे की बैठक के लिए भेजा नोटिस**

उन्होंने आगे कहा, "बैठक में न तो परिवहन आयुक्त, न ही एमसीडी आयुक्त, न ही प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, न ही विशेष आयुक्त यातायात या विभिन्न बैठकों के महत्वपूर्ण विभागाध्यक्ष पहुंचे। इसलिए हमें बैठक रद्द करनी पड़ी। हमने इन अधिकारियों को एक बार फिर दोपहर 3 बजे की बैठक के लिए नोटिस भेजा है।"



दिल्ली हवाईअड्डे ने जारी की एडवाइजरी इस बीच, प्रतिकूल मौसम और धुंध होने की वजह से कम दृश्यता के हालात उत्पन्न हो गए।

इस कारण राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने वाली ग्यारह उड़ानों को सोमवार को विभिन्न शहरों में बदल दिया गया।

# विधायक रघुविंदर शौकीन बनेंगे आतिशी कैबिनेट में मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नांगलोई जाट क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक रघुविंदर शौकीन दिल्ली की आतिशी सरकार में नए कैबिनेट मंत्री होंगे। यह जानकारी सोमवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पत्रकारों को दी। पत्रकार वार्ता में सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक रघुविंदर शौकीन को आतिशी सरकार में दिल्ली कैबिनेट में शामिल किया गया है। शौकीन बाहरी दिल्ली से जाट नेता हैं। उन्होंने कहा कि रघुविंदर शौकीन ने शिक्षा जगत के लिए भी कई अच्छे काम किए हैं। वह खुद सिविल इंजीनियर रहे हैं। दो बार निगम पार्षद रह चुके हैं और दो बार के विधायक हैं। वह बाहरी दिल्ली के नांगलोई जाट सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस मौके पर रघुविंदर शौकीन ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया और पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली के चौतरफा विकास का प्रयास करेंगे और प्रदेश की जनता और आआपा के शीर्ष नेताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

**जिम्मेदारी**

> शौकीन बाहरी दिल्ली से जाट नेता हैं। रघुविंदर शौकीन ने शिक्षा जगत के लिए भी कई अच्छे काम किए हैं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में छह देशों के राजदूतों और उपायुक्तों के परिचयपत्र स्वीकार किए। इनमें स्विट्ज़रलैंड, जॉर्डन, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार और मिस्र के राजदूत और उच्चायुक्त शामिल हैं।

# धोखाधड़ी मामले में गौतम गंभीर को मिली राहत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व क्रिकेटर और पूर्व भाजपा सांसद गौतम गंभीर को रियल इस्टेट कंपनी रुद्र बिल्डवेल रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के फ्लैट खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में बरी करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को निरस्त करने वाले सेशंस कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने सेशंस कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का आदेश दिया। गौतम गंभीर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि याचिकाकर्ता की छवि बेदाग रही है और ब्रांड एंबेसडर होना आम बात है। उन्होंने कहा कि गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर हैं। ऐसे में ईडी की ओर से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। ईडी की ओर से पेश वकील ने गौतम गंभीर की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि गौतम गंभीर ने कंपनी से इस्तीफा देने के बाद भी धन हासिल किया। 29 अक्टूबर को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले को मजिस्ट्रेट कोर्ट में वापस भेजते हुए निर्देश दिया था कि वो गौतम गंभीर के खिलाफ आरोप तय करने पर नये सिरे से ताजा आदेश जारी करें, जिसमें इस मामले से जुड़े हर आरोपित के आरोपों की विस्तृत जानकारी हो। राऊज एवेन्यू कोर्ट के मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 10 दिसंबर 2020 को इस मामले में गौतम गंभीर को रियल इस्टेट कंपनी रुद्र बिल्डवेल रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के फ्लैट खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपों से बरी कर दिया था। मजिस्ट्रेट कोर्ट में जब ये मामला चल रहा था तब गौतम गंभीर सांसद थे जिसकी वजह से इस मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई चल रही थी।

**रोक**

> दिल्ली हाई कोर्ट ने गंभीर को बरी करने का फैसला रद्द करने के आदेश पर लगाई रोक

# पूर्व आप मंत्री कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी (आआपा) और दिल्ली सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, महासचिव दुष्यन्त गौतम की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कैलाश गहलोत ने रविवार को ही आआपा की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कैलाश गहलोत का पार्टी में स्वागत करते हुए मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि दिल्ली की राजनीति में यह




टर्निंग प्वाइंट है। कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी की नकारात्मक राजनीति से तंग आकर मोदी सरकार की सकारात्मक और विकासात्मक को अपनाया है । इस कदम का निश्चित रूप से दिल्ली के चुनाव में इसका प्रभाव पड़ेगा। इस मौके पर कैलाश गहलोत ने कहा कि कोई सरकार छोटी से छोटी बात पर अगर लड़ाई के लिए वक्त लगाए तो दिल्ली वालों के लिए काम नहीं हो सकता। दिल्ली का अगर विकास हो सकता है तो भाजपा की केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हो सकता है। मैंने दिल्ली की भलाई के लिए यह निर्णय लिया है। पार्टी में मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, वह मैं ईमानदारी से निभाऊंगा। कैलाश गहलोत ने कहा कि उनके लिए आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा से जुड़ना आसान कदम नहीं था। हम सब अन्ना आंदोलन से जुड़े और फिर मिलकर काम किया। कुछ लोगों को लगता है कि मैंने ये निर्णय दबाव में या अचानक लिया है। मैं लम्बे समय से इस विषय में विचार कर रहा था। मैंने यह कदम किसी के भी दबाव में नहीं उठाया है। सीबीआई और ईडी के दबाव की बात एक राजनीतिक शिगूफा है। दरअसल आम आदमी पार्टी से जुड़कर राजनीति में जिन मूल्यों की बात हमने की थी, पार्टी उससे बहुत दूर होती जा रही है। हमने दिल्ली वालों की सेवा का जो सपना देखा था, वह पूरी तरह से टूट चुका है।

**दामन थामा**

> कैलाश गहलोत ने रविवार को ही आआपा की प्राथमिक सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### कांग्रेस के पूर्व विधायक सुमेश शौकीन आआपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:**दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के पूर्व विधायक सुमेश शौकीन आम आदमी पार्टी (आआपा) में शामिल हो गए हैं। आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर सुमेश शौकीन को टोपी और पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सुमेश शौकीन ने कहा कि दिल्ली देहात का जितना भी विकास का कार्य चाहे वो रोड का हो या बसें, सीवर लाइन देना हो सब आम आदमी पार्टी के 10 साल के कार्यकाल और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुआ है।

# केजरीवाल के संघर्ष के साथी, बिछड़े सभी बारी-बारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वर्ष 2015 से अब तक पार्टी के कई मंत्री और विधायक भी विवादों में आ चुके हैं, कुछ मंत्रियों को पद से हटाया गया तो कुछ ने पार्टी छोड़ दी। पार्टी के कई नेताओं ने भी आप से दूरी बनाई है। पिछले नौ साल में 10 मंत्रियों ने आप की सरकार से इस्तीफा दिया है या उनसे जबरन लिया गया है।

**विवादों के बीच कई नेता कर गए आप से किनारा**

आम आदमी पार्टी (आप) गठन के बाद से जिस तरह आगे बढ़ी है, विवाद भी साथ रहे हैं। इन्हीं विवादों के बीच आप के कई अपने पार्टी से किनारा कर गए। इसकी शुरूआत वर्ष 2015 से ही हो गई थी, जब आप की दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी। उस समय पहला घटनाक्रम तब सामने आया था, जब उस समय के कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर को आप ने फर्जी डिग्री मामले में गिरफ्तार होने के बाद 9 जून 2015 को मंत्री पद से हटा दिया था।



**संदीप कुमार को सेक्स सीडी कांड में किया था बर्खास्त**

केजरीवाल की सरकार में वर्ष 2015 में सुल्तानपुर माजरा से विधायक चुने गए संदीप कुमार को एक सेक्स सीडी कांड में शामिल होने का आरोप लगने के बाद 31 अगस्त 2016 को मंत्रिमंडल और पार्टी दोनों से बर्खास्त कर दिया था । इनके बाद अक्टूबर 2015 में खाद्य आपूर्ति मंत्री आसिम अहमद खान, 15 मई 2017 को जल मंत्री कपिल मिश्रा को पद से हटा दिया गया था

**पार्टी में भगदड़**

> पिछले नौ साल में राज्य सरकार के 10 मंत्री दे चुके हैं इस्तीफा या जबरन हटाए गए लोकसभा चुनाव के ठीक पहले मंत्री राजकुमार आनंद ने भी दिया था त्यागपत्र

# हंसराज कॉलेज पहुंचे रिजिजू, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर की मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू सोमवार को दिल्ली के हंसराज कॉलेज में विकसित भारत-राजदूत युवा कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विकसित भारत-एंबेसडर युवा कनेक्ट कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विकसित भारत कार्यक्रम हमारे लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें युवाओं को जोड़ने की जरूरत है। आगे कहा कि आज मैं अपने विद्यालय हंसराज कॉलेज आया हूं। 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें युवाओं से जुड़ना होगा और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। युवाओं की भागीदारी के बिना हम एक विकसित राष्ट्र कैसे बन सकते हैं।

'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग संविधान को तो रखते हैं लेकिन संविधान की मूल बातें और महत्व को नहीं समझते हैं।

**भागीदारी**

> विकसित भारत कार्यक्रम महत्वपूर्ण है, विकसित राष्ट्र बनने के लिए हमें युवाओं को जोड़ने की जरूरत है

# डेंगू की रोकथाम के लिए करवाई जा रही फॉगिंग: सीएम

**सरकार गंभीर**

**मौसम में बदलाव को देखते हुए फॉगिंग में लाई जाएगी तेजी: सीएम मौसम में बदलाव नागरिकों से आह्वान, घरों में पानी एकत्र न होने दें, मच्छरों को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण न मिल सके: सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डेंगू की रोकथाम और इसके बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी है और लगातार फॉगिंग करवाई जा रही है। मौसम में बदलाव को देखते हुए फॉगिंग को और तेज करने के निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में डेंगू के नियंत्रण के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा आंकड़े न कभी छुपाए जाते हैं, न कभी छुपाए जाएंगे। डेंगू के नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से व्यवस्था पूरी है। हर सप्ताह लगातार फॉगिंग की जा रही है। इसके अलावा, घरों में जाकर भी चैक किया जा रहा है कि गमलों, कूलरों इत्यादि में पानी इकठ्ठा न हो और मच्छर न पनपे। उन्होंने कहा कि मौसम के बदलाव को देखते हुए भी अब फॉगिंग में और तेजी लाई जाएगी, इसके लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके अलावा, हर शहर, हर गली मोहल्ले में और पंचायतों को भी गांवों में फॉगिंग तेज करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, ताकि डेंगू के मच्छरों से निजात मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे घरों में ध्यान रखें और पानी एकत्र न होने दें।

## प्रदेश में डेंगू के नियंत्रण के लिए सरकार गंभीर: आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में डेंगू के प्रभाव को रोकने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू की रोकथाम के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों में समय-समय पर फॉगिंग करवाई जा रही है, जिससे डेंगू के मामलों में कमी आई है। स्वास्थ्य मंत्री आज यहां हरियाणा विधानसभा सत्र के दौरान डेंगू के विषय पर लाये गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में वेक्टर जनित रोगों पर नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों को लागू किया जा रहा है। प्रदेश के 22 जिलों में पिछले साल के मुकाबले डेंगू के मामलों में बहुत कमी आई है। पिछले वर्ष 2023 में डेंगू के मामले 8081 थे, जो इस वर्ष घटकर 4634 हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने डेंगू की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। डेंगू को 31 मार्च 2027 तक महामारी रोग अधिनियम 1897 के तहत अधिसूचित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी अस्पतालों/प्रयोगशालाओं द्वारा वीबीडी रिपोर्टिंग अनिवार्य कर दी गई है। निजी प्रयोगशालाओं के लिए एलिसा आधारित एनएस 1/आईजीएम के लिए शुल्क राशि 600 रुपये निर्धारित किया गया है। निजी रक्त बैंकों के लिए एकल दाता प्लेटलेट्स की दर 11 हजार रुपये प्रति यूनिट किया गया है। उन्होंने बताया कि डेंगू की जांच निशुल्क की जा रही है, प्रदेश में 27 सरकारी प्रयोगशालाएं (प्रत्येक जिले में कम से कम एक) कार्यरत हैं। प्रदेश में 11 नवंबर 2024 तक कुल 1,13,667 डेंगू जांच की जा चुकी हैं। सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के लिए 196 वार्ड और 1022 बिस्तर आरक्षित रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में भर्ती हरियाणा के मूल निवासी डेंगू रोगियों को प्लेटलेट्स नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। इस वर्ष डेंगू रोगियों को 75 एसडीपी यूनिट (63 पंचकूला, 6 अंबाला और 6 हिसार) नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है।

## प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं: मुख्यमंत्री सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में डीएपी खाद की कोई कमी नहीं है। राज्य में डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में डीएपी के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में किस पैक्स पर कितनी खाद उपलब्ध है, उसका डेटा भी सरकार के पास है। यदि किसी सदस्य को जानकारी की आवश्यकता होगी, उन्हें यह जानकारी भी उपलब्ध हो जाएगी। वर्तमान में प्रदेश में डीएपी की कमी नहीं है।

उन्होंने कहा कि वे भी किसान के बेटे हैं, खाद की समस्या क्या होती है, ये उन्हें मालूम है। उन्होंने कहा कि नवंबर माह के लिए 1,10,200 मीट्रिक टन डीएपी का आवंटन हुआ है। एक अन्य सदस्य द्वारा सिरसा में डीएपी के स्टॉक की उपलब्धता के संबंध में किए गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला सिरसा में 1 अक्टूबर, 2024 को डीएपी का प्रारंभिक स्टॉक 1063 मीट्रिक टन उपलब्ध था और आज 18 नवंबर को 2217 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। इसी प्रकार, जिला हिसार में आज भी 2087 मीट्रिक टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है। हिसार में पिछले वर्ष से 216 मीट्रिक टन ज्यादा खाद दे चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश में डीएपी खाद की किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं है। केवल खाद की कमी की अफवाहें फैलाई जा रही हैं और किसानों को बहकाया जा रहा है। प्रदेश में डीएपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

## न्यूज फ्लैश

### यमुनानगर: वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए चलाया विशेष अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर:** यमुनानगर आरटीए विभाग द्वारा धुन्ध के मौसम में वाहन दुर्घटनाएं कम करने के उद्देश्य से व वाहन चालकों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वाहनों पर आरटीए विभाग द्वारा रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा रही है व वाहन चालकों को वाहन अंडरलोड लेकर चलने की भी हिदायत दी जा रही है। सोमवार को आरटीए इंस्पेक्टर विकास ने जानकारी देते हुए बताया धुन्ध के मौसम में रिफ्लेक्टर टेप न लगी होने की वजह से तेज गति से आ रहे वाहन नजर नहीं आते, जिस कारण दुर्घटनाएं ज्यादा होती है। इन्हीं दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने हेतु आरटीए यमुनानगर द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आरटीए की दो टीमों के द्वारा लगातार धुन्ध के मौसम में वाहनों को चिह्नित कर उन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि सड़कों पर घूम रहे गोवंश को भी रिफ्लेक्टर काऊ बेल्ट पहनाई जा रही है, ताकि पशुओं द्वारा भी दुर्घटना की संभावना कम से कम हो। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील भी की कि वे अपने वाहन धीमी गति से चलाएं और यातायात नियमों का पालना करें।

### आईएमटी में पलटा ऑटो, आठ यात्री घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** आईएमटी इलाके में रविवार देर रात एक के बाद एक तीन वाहन आपस में टकरा गए दिन में एक ऑटो और दो कर आपस में भिड़ गई। जिसके चलते ऑटो सवार कुछ लोगों को चोट आई। इस घटना में ऑटो के पलटने के चलते ऑटो में सवार लगभग सात से आठ सवारियों को काफी गंभीर चोटें आई, जिन्हें रास्ते से गुजर रहे लोगों ने अन्य सवारियों के माध्यम से बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। वही कार सवार लोगों को भी चोट लगी, लेकिन ऑटो लोगों को गंभीर चोट लगी। जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए राह चलते लोगों ने सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भिजवा दिया। मामले में जानकारी देते हुए गांव चांदपुर के सरपंच सूरजपाल भूरा ने बताया कि वह अपनी गाड़ी से इसी रास्ते से गुजर रहे थे और यह गाडियां आपस में भिड़ी हुई थी। ऑटो पलटा हुआ था, उन्होंने गाड़ी को रोक कर पहले घायल सवारियों को ऑटो से बाहर निकाला। फिर सभी को अलग-अलग वाहनों के माध्यम से सिविल अस्पताल भिजवाया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। सरपंच सूरजपाल भूरा के मुताबिक हादसे की वजह सडक में बने गड्ढे हैं, गड्ढों से बचने के चलते वाहन एक दूसरे से टकराए थे।

### बेलरखा को हराकर दाबोदा की टीम ने जीता फुटबॉल का फाइनल मैच

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर:** जिले के गांव डाबोदा कलां में आयोजित चार दिवसीय ओपन फुटबाल प्रतियोगिता मेजबान गांव की टीम ने जीत ली। विजेता टीम ने हिसार जिला के गांव बेलरखा की टीम को 3-0 के अंतर से हराया। प्रतियोगिता के समापन पर नगर परिषद बहादुरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता कर्मवीर राठी ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। गांव डाबोदा कला में आयोजित चार दिवसीय ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने भाग लिया। मेजबान गांव की टीम और हिसार जिले के गांव बेलरखा की टीम के बीच हुआ फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा। शुरूआती दौर में दोनों ही टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे पर भारी पड़े और किसी के लिए भी गोल करना मुश्किल हो गया था। लेकिन अंतत: डाबोदा कलां की टीम पूरे तीन गोल करने में सक्षम रही और बेलरखा की टीम एक भी गोल नहीं कर पाई। इस प्रकार यह प्रतियोगिता मेजबान गांव की टीम ने जीत ली। विजेता टीम और अन्य खिलाड़ियों को बहादुरगढ़ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कर्मवीर राठी ने पुरस्कार प्रदान किए। समापन समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हार व जीत खेल का एक अहम पहलू होता है। इसलिए हारने वाली टीम व खिलाड़ियों को निराश होने के बजाय कड़ा प्रशिक्षण व अभ्यास लेकर भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में अपनी टीम व खुद को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साबित करना चाहिए। राठी ने कहा कि भाजपा सरकार ठीक कार्यकाल में प्रदेश में शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं, इसलिए बच्चों व युवाओं को शिक्षा के साथ -साथ खेलों में भी बढ़ चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को भाजपा सरकार द्वारा पदक अनुसार सरकारी नौकरी, नकद ईनाम राशि और मान सम्मान दिया जाता है।

## अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग टली, एडीसी छुट्टी पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद:** जिले की भट्टू ब्लाक समिति की चेयरपर्सन ज्योति लूना के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सोमवार को होने वाली वोटिंग अतिरिक्त जिला उपायुक्त के अवकाश पर होने के कारण टल गई। वोटिंग को लेकर ब्लाक समिति के सदस्यों में काफी उत्साह था लेकिन जैसे ही उन्हें एडीसी के छुट्टी पर होने का पता चला तो उनमें निराशा देखी गई। अब प्रशासन द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग को लेकर नई तारीख घोषित की जाएगी। बता दें कि भट्टू ब्लाक समिति के अधे से ज्यादा सदस्यों ने 11 नवंबर को जिला उपायुक्त को ज्ञापन देकर चेयरपर्सन के खिलाफ अविश्वास जताया था और वोटिंग की मांग की थी। इस पर उपायुक्त ने एडीसी राहुल मोदी को अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग करवाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एडीसी की अध्यक्षता में 18 नवंबर की तारीख वोटिंग के लिए तय की गई थी लेकिन आज एडीसी के छुट्टी पर होने के कारण वोटिंग नहीं हो पाई। हाल ही में सम्पन्न हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे दुड़ाराम का चेयरपर्सन ज्योति लूना ने साथ छोड़ दिया था। आरोप है कि चुनाव के दौरान ज्योति लूना दल-बदल कर कांग्रेस प्रत्याशी बलवान सिंह के समर्थन में आ गई थी।

## राष्ट्र निर्माण के लिए ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति: बंडारु

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के दसवें दीक्षांत समारोह का आज आयोजन हुआ। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राघवेंद्र प्रसाद तिवारी दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धमार्णी भी उपस्थित रहीं।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थी जीवन का सबसे यादगार अवसर होता है। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान किया और कहा कि आने वाला समय आपका है। आप देश का वर्तमान और भविष्य है। आज के समय में राष्ट्र निर्माण के लिए पैसा नहीं बल्कि ज्ञान ही सबसे बड़ी शक्ति है। युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि देने वाले बनें। उन्होंने युवाओं को स्वयं पर, अपने शिक्षकों, अभिभावकों, संस्कृति व मूल्यों पर गर्व करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह दिन शिक्षण संस्थान व उसके शिक्षकों के लिए भी आनंद का उत्सव होता है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारत की मेधा को सम्मानित करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय शोध व नवाचार के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थानों द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को एक श्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में नामित किया गया है। फिक्की द्वारा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को एमर्जिंग यूनिवर्सिटी ऑफ द ईयर के सम्मान से सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व उनकी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## कोहरे में आठ वाहन आपस में टकराए, कार में लगी आग

**सावधानी बरतें**

**हादसे में एक कार में आग भी लग गई और वह मौके पर ही पूरी तरह से जल गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** सोमवार सुबह हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर क्रेन, ट्रक, पिकअप सहित आठ वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक कार में आग भी लग गई और वह मौके पर ही पूरी तरह से जल गई। कार में बैठे दोनों व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार कैथल में सोमवार सुबह भी घना कोहरा छाया हुआ था। विजिबिलिटी बहुत ही कम रही। इस बीच हिसार-चंडीगढ़ रोड पर गांव बाता में बड़ा हादसा हो गया। यहां अल सुबह एक के बाद एक आठ गाड़ियां आपस में टकरा गई। कुछ गाड़ियां मामूली तौर पर क्षतिग्रस्त हुई हैं, तो कई गाड़ियों को भारी नुकसान हुआ है। इनमें एक क्रेन, बड़ा ट्राला, ट्रक और पिकअप शामिल हैं। नरवाना का रहने वाला सूर्य प्रकाश अपने एक साथी के साथ अपनी कार में कैथल की तरफ आ रहा था। रास्ते में उनकी कार आगे चल रही क्रेन के साथ टकरा गई। उस समय कार के अंदर गर्म हवा के लिए हीटर चल रहा था। हीटर में शॉर्ट सर्किट हो गया और आग लग गई। कुछ ही देर में कार धू धू कर जलने लगी। हादसे में सूर्यप्रकाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## देसी कट्टे व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में देसी कट्टा व कारतूस सहित एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ थाना बीपीटीपी में केस दर्ज किया गया है। उस पर पहले से दो केस दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को कोर्ट में पेश किया, जहां सुनवाई के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थाना बीपीटीपी एसएचओ ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के बाद आरोपी अजय को डीपीएस चौक बीपीटीपी से काबू किया है। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा व कारतूस बरामद हुआ है।

## झज्जर: पराली जलाने पर दो किसानों के खिलाफ एफआईआर



**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर: गांव आसंडा में खेत** में पराली जलाने के मामले में पुलिस ने खेत के मालिक किसान पिता,पुत्र के खिलाफ सोमवार को मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्यवाही न केवल झज्जर जिला में बल्कि दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए की गई है।बहादुरगढ़ के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व पटवारी की ओर से दी गई शिकायत पर मांडोठी चौकी में 2 किसानों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 संपठित वायु एवं प्रदूषण अधिनियम 1981 के तहत एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है। उपलमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने बताया कि 16 नवंबर को शिकायत प्राप्त हुई थी कि गांव आसंडा के खेतों में पराली जलाई जा रही है। जिसके बाद विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। इस टीम में राकेश राणा खंड कृषि अधिकारी बहादुरगढ़, कंवलजीत कृषि सुपरवाइजर द्वारा निरीक्षण करने बाद पाया गया कि 2 किसानों द्वारा अपने 12 एकड़ 5 कनाल खेत में पराली जलाई जा रही थी जिसके लिए नियमानुसार मांडोठी चौकी में लिखित शिकायत करते हुए डॉ. रमेश कुमार विषय विशेषज्ञ (टी.) व संदीप पटवारी द्वारा 2 किसानों के खिलाफ शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने संबंधित धारा के तहत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने किसानों से अपील की है कि अपने खेतों में पराली न जलाएं। पराली जलाने से पर्यावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ ही भूमि की उपजाऊ क्षमता प्रभावित होती है। पराली जलाना भारतीय न्याय संहित की धारा 223 संपठित वायु एवं प्रदूषण अधिनियम 1981 का उल्लंघन भी है। सरकार द्वारा जारी सी.आर.एम. स्कीम के तहत 1000 रुपए प्रति एकड़ किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी अधिक से अधिक अवगत कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## सीएम सैनी से रिजर्व बैंक के लोकपाल ने की शिष्टाचार मुलाकात



**चर्चा**

**लोकपाल ने मुख्यमंत्री को रिजर्व बैंक द्वारा ग्राहकों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे उपायों की जानकारी दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लोकपाल राजीव द्विवेदी ने चंडीगढ़ में शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान लोकपाल ने मुख्यमंत्री को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ग्राहकों की सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कई उपायों की जानकारी दी। बैठक में महत्वपूर्ण रूप से रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 पर चर्चा की गई जो ह्यएक राष्ट्र-एक लोकपालह्व के सिद्धांत पर एकल खिड़की के रूप में काम करती है।बैठक में मुख्यमंत्री ने लोगों को वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानियों के बारे में जागरूक होने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वे खुद को डिजिटल धोखाधड़ी से बचा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को शेयर, क्रिप्टो करेंसी आदि में निवेश के प्रस्तावों के लिए धन हस्तांतरित नहीं करना चाहिए और खुद को डिजिटल गिरफ्तारी से भी बचाना चाहिए। साथ ही बैठक में संदिग्ध धोखाधड़ी की सूचना, भारत सरकार के पोर्टल पर देने पर भी चर्चा की गई। लोकपाल ने मुख्यमंत्री का ध्यान, इस क्षेत्र में रिजर्व बैंक लोकपाल कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा हाल ही में किए गए प्रयासों की ओर दिलाया, जिसमें केन्द्रित जन जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित, वित्तीय धोखाधड़ी के तौर-तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी देने वाली पुस्तिका 'राजू और चालीस चोर की प्रति भी भेंट की।

## उपायुक्त ने सुनी घोड़ा फार्म रोड क्षेत्रवासियों की आवाज, दिए सड़क बनाने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार:** पिछले तीन दिनों से सड़क निर्माण की मांग पर धरना दे रहे घोड़ा फार्म रोड क्षेत्रवासियों की आवाज जिला प्रशासन ने सुन ली है। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने गए क्षेत्रवासियों के सामने ही उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को समस्या के समाधान का निर्देश दे डाले। \घोड़ा फार्म रोड मार्केट एसोसिएशन के आह्वान पर क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क सही बनाने की मांग पर तीन दिनों से धरना दिया जा रहा था। इसी के चलते क्षेत्रवासी सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचे। घोड़ा फार्म रोड मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वीरेन्द्र नरवाल की अध्यक्षता में सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्रवासियों ने विस्तार से समस्या रखी कि सड़क न बनने के कारण उन्हें किस तरह समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

यही नहीं, स्कूल आने जाने में विद्यार्थियों को तथा उनके साथ आने-जाने वाले अभिभावकों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन बार-बार ध्यान दिलवाए जाने के बावजूद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उपायुक्त ने ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमंडल की समस्या को सुनते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलकार सिंह को निर्देश दे डाले कि क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप सड़क का सही ढंग से निर्माण करवाया जाए।

इसके अलावा घोड़ा फार्म की सड़क के साथ लगती अग्रसेन कॉलोनी की दोनों सड़कें भी बनाई जाएं। विभाग की ओर से वहां पर जो पाईप डाले हुए हैं, उनको तुरंत हटवाया जाए। ज्ञापन देने गए क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त द्वारा तुरंत कार्रवाई करवाने व काम शुरू करवाने पर उनका आभार जताया है।

## प्रदेश सरकार राज्य में सभी प्रकार के खाद की व्यवस्था करने में सक्षम: श्याम सिंह

**आवंटन**

**खाद की व्यवस्था करने तथा आवश्यकताओं के अनुसार उनके उचित वितरण के लिए प्रशासनिक रूप से सक्षम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने डीएपी से संबंधित ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार राज्य में सभी प्रकार के खाद की व्यवस्था करने तथा किसानों की आवश्यकताओं के अनुसार उनके उचित वितरण के लिए प्रशासनिक रूप से सक्षम है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार खादों की मौसमवार एवं माहवार आवश्यकताओं का आकलन करती है और योजना तैयार कर संबंधित राज्य को भेजी जाती है। हरियाणा का कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भी प्रतिदिन यूरिया एवं डीएपी एवं अन्य खादों की आवश्यकताओं, आपूर्ति, बिक्री एवं स्टॉक स्थिति की निगरानी करता है। भारत सरकार भी प्रत्येक



मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खाद आपूर्तिकताओं सहित राज्य के साथ आपूर्ति योजना की समीक्षा करती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया कि तिलहन फसलों की बुवाई लगभग समाप्त हो चुकी है तथा गेहूं की बुवाई जोरों पर है। बुवाई के दौरान फॉस्फेटिक खादों का उपयोग/ड्रिल किया जाता है तथा यूरिया का उपयोग आमतौर पर फसलों में छिड़काव के रूप में किया जाता है। पिछले वर्ष रबी सीजन में डीएपी की बिक्री 2 लाख 30 हजार मीट्रिक टन थी और चालू रबी सीजन 2024-25 में भी इतनी ही बिक्री होने की उम्मीद है। भारत सरकार ने चालू रबी सीजन 2024-25 के लिए 2 लाख 60 हजार मीट्रिक टन डीएपी आवंटित किया है। डीएपी का अक्टूबर और नवंबर 2024 का आवंटन 2 लाख 25 हजार मीट्रिक टन है। इस वर्ष रबी सीजन की शुरूआत में राज्य के पास 54,000 मीट्रिक टन का स्टॉक था और 16 नवंबर 2024 तक एक लाख 52 हजार मीट्रिक टन डीएपी भारत सरकार से प्राप्त हुई है। इस प्रकार, राज्य के लिए अब तक 2 लाख 6 हजार मीट्रिक टन डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया है जिसमें से 15 नवंबर 2024 तक एक लाख 86 हजार मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान एक लाख 65 हजार मीट्रिक टन डीएपी की खपत हुई थी। इससे यह स्पष्ट है कि इस वर्ष इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में खपत अधिक रही है।

जिलों में अभी भी 21,000 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के किसान केवल डीएपी पर ही निर्भर नहीं हैं, बल्कि रबी की फसल उगाने के लिए अपनी पसंद के अनुसार एनपीके (ठढङ) और सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) खादों का भी उपयोग करते हैं। फसल के संपूर्ण पोषक तत्व सुनिश्चित करने के लिए ये खाद भी राज्य के किसानों को उपलब्ध कराए गए हैं।

# कम्बल बनाने वाली कंपनी के गंदे पानी से फसल खराब, एसडीएम को दी शिकायत

## – किसानों ने मुआवजे की मांग करते हुए कंपनी को दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर:** घसौली गांव के किसानों ने गांव में बनी एक कम्बल फैक्ट्री से गंदा पानी निकलकर खेतो में जाने पर किसानों ने एसडीएम को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। किसान रजनीश, सुरेश,, सुशील, मनोज आदि ने शिकायत में बताया कि घसौली गांव में अपने खेत में धान की फसल लगाई हुई है। उनके खेत के पास में ही एबीकोनस टेक्सटाइल कम्बल बनाने की एक फैक्टरी लगी हुई है जिसका गंदा पानी व कैमिकल, व कम्बल का रेशा किसानों के खेतो में आ रहा है। जिससे किसानों की धान की सारी फसल खराब हो गई है। जिस कारण दूसरी फसल खराब होने के पूरे पूरे आसार है। किसानों ने शिकायत में कहा कि अगर ऐसे



ही फैक्टरी का कैमिल पानी व कम्बल का रेशा किसानों के खेत में आता रहा तो किसानों को काफी नुकसान हो जाएगा। किसानों ने बताया कि उन्होंने बार बार फैक्टरी मालिक से गुजारिश भी की है कि हमारी फसल खराब हो जाएगी। कंपनी मालिक की तरफ से समाधान का आश्वाशन तो मिलता है लेकिन समस्या का कोई समाधान नही होता। जिस कारण हमारी फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है और आगे भी हमारी भूमि फसल बोने के लायक रहेगी। उसमें कम्बल का रेशा, पड़ा हुआ है। किसानों ने एसडीएम से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करवाने की मांग करते हुए किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि उक्त फैक्टरी को बंद करवाते हुए संचालक के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जावे। इस बारे में कंपनी के मालिक अनिल जैन ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है। किसानों की समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। अभी वे वहां से कंपनी को ही दूसरी जगह शिफ्ट कर देंगे।

**आश्वासन**

▶▶ किसानों की समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा। कंपनी को ही दूसरी जगह शिफ्ट कर देंगे

# पिचिंग मशीन में फंसा नाबालिग का हाथ, गंभीर रूप से घायल

**उपचार जारी**

▶▶ 27 अक्तूबर को गांव का मौमिन उससे बिना पूछे उसके बेटे को फरीदपुर की फैक्ट्री में ले गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के फरीदपुर गांव में 16 वर्षीय बच्चे का हाथ पिचिंग मशीन में फंस गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। आरोप है कि फैक्ट्री में बच्चे द्वारा मना किए जाने के बावजूद जबरन मशीन ऑपरेट करवाई गई। बच्चे के पिता ने उसे करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसका इलाज करवाया गया।परिजनों की माने तो डॉक्टरों ने दिल्ली या फिर चंडीगढ़ में बच्चे का इलाज करवाने की सलाह दी है। हालांकि फैक्ट्री मालिक ने बच्चे का इलाज करवाने का आश्वासन दिया था,



लेकिन वह अपनी बात से मुकर गया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर फैक्ट्री मालिक व एक अन्य ग्रामीण के खिलाफ लापरवाही व बाल श्रम अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पानीपत जिला के गांव जालपाड़ निवासी पिता शरीफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा समीर 16 साल का है। 27 अक्तूबर को गांव का मौमिन उससे बिना पूछे उसके बेटे को फरीदपुर की फैक्ट्री में ले गया। मौमिन ने उसके बेटे को कहा कि फैक्ट्री मालिक से बात हो चुकी है और मजदूरों की कमी के चलते अब मशीन भी चलानी ह

# अवैध हथियार रखने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआइए टू की टीम ने छापामारी करके कैथल रोड नहर पुल से आरोपी विनित पुत्र राजकुमार वासी फतेपुर जट, सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल 315 बोर बरामद की गई व उसके खिलाफ थाना रामनगर में धारा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह ट्रक चालक का कार्य करता है व हथियार रखने का शौकीन है और एक दिन वह अपने ट्रक पर दिल्ली के पास एक ढाबा पर रूका हुआ था जहां पर वह असला उसने एक अज्ञात ट्रक चालक से अपना शौंक पूरा करने के लिए खरीदा था। उन्होंने बताया कि कल शाम आरोपी यूपी से आया था और निसिंग जाने के लिए कैथल रोड नहर पूल पर वाहन का इंतजार कर रहा था।

**शिकायत**

▶▶ खिलाफ थाना रामनगर में धारा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया

# शहर में बंदर पकड़ने का अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर वासियों के लिए परेशानी का सबब बने बंदरों को पकड़ने का अभियान जारी है। यह कार्य कुछ दिन पहले पुनः शुरू किया गया है। इसके तहत बंदर पकड़ने वाली एक्सपर्ट टीम ने करीब 35 बंदरों को पकड़ लिया है। इन बंदरों को कलेसर के जंगल में छोड़ा जा चुका है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि नागरिकों की उत्पाती बंदरों से निजात दिलाने के लिए नगर निगम गम्भीरता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि बंदर पकड़ने के लिए पहले भी अभियान शुरू किया गया था,



परंतु दीपावली इत्यादि त्यौहारी सीजन के चलते टीम वापिस चली गई थी। उस दौरान करीब 60 बंदर पकड़े गए थे। अब पुनः अभियान शुरू किया है, जो सभी बंदरों के पकड़े जाने तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सभी बंदरों को पशुपालन विभाग से मेडिकल करवाने के उपरांत जंगल में छोड़ा गया है। बंदर पकड़ने का कार्य नियम व शर्तों के तहत ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन बंदरों को शहर के सेक्टर 6, 9, प्रेम नगर, गांधी नगर व इंडस्ट्री क्षेत्र से पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र से शिकायत प्राप्त होती है, वहीं पर पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में बंदर ज्यादा तादाद में हैं, तो वह एजेंसी के सम्पर्क नम्बर 9690402290 तथा नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 18001802700 पर सूचना दे सकते हैं।

**अभियान**

▶▶ बंदर पकड़ने वाली एक्सपर्ट टीम ने करीब 35 बंदरों को पकड़ लिया है, जंगल में छोड़ा जा चुका है

# रिशिता डांग ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** क्राइस्ट यूनिवर्सिटी गाजियाबाद की कुमारी रिशिता डांग ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर.यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 के अंडर-73 भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। यह चैंपियनशिप 12 से 15 नवंबरए 2024 तक आयोजित की गई थी जिसमें 130 विश्वविद्यालयों के 700 छात्रों ने भाग लिया था। रिशिता थर्ड डैन ब्लैक बेल्ट धारक हैं। उन्होंने इससे पहले 9 से 12 मार्च तक कटक, ओडिशा में आयोजित पहली खेलो इंडिया महिला लीग में स्वर्ण पदक जीता था। ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर की कुमारी गीतिका ने रजत पदक जीता जबकि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की कुमारी अनीता और शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर की कुमारी भट सानिका तानाजी, दोनों ने कांस्य पदक जीते। चैंपियनशिप में देशभर के विश्वविद्यालयों से शीर्ष ताइक्वांडो प्रतिभाओं को उजागर किया गया, जिसमें हर श्रेणी में कड़ी प्रतिस्पर्धा थी। सोम्या जोसेफ अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा विभाग, ने कहा कि यह रिशिता और यूनिवर्सिटी दोनों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# गोगड़ीपुर नहर में तैरता मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव गोगड़ीपुर के पास नहर में एक युवक का शव मिला है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान है। युवक ने पीले रंग की टी-शर्ट काली पैंट पहनी हुई है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मॉर्चुरी हाउस में रखवा दिया है। 72 घंटे में शिनाख्त नहीं हो पाती है तो पुलिस मृतक का दाह



संस्कार करा देगी। ग्रामीण पवन, सुनील, प्रकाश व अन्य ने बताया कि नहर में शव आ रहा था। जिसके बाद अन्य ग्रामीण भी भारी संख्या में एकत्रित हो गए थे। ग्रामीणों ने मधुबन को पुलिस जानकारी दी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकाला। उसकी जेब से कुछ दवाइयां और एक मोबाइल भी बरामद हुआ है।

# किसान पर्यावरण, पानी, धरती बचाने के लिये प्राकृतिक खेती अपनायें: आचार्य देवव्रत

**आह्वान**

▶▶ भावी पीढ़ियों को बचाने के लिये जहर मुक्त खेती की ओर बढना समय की मांग है : राज्यपाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किसानों से आह्वान किया है कि वे पर्यावरण, पानी, धरती, देशी गाय और लोगों की सेहत बचाने के लिये प्राकृतिक खेती अपनायें। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों को बचाने के लिये जहर मुक्त खेती की ओर बढना समय की मांग है। इससे जमीन में आर्गेनिक कार्बन की मात्रा में इजाफा होता है। केमिकल युक्त खेती को छोड़ना होगा। राज्यपाल आचार्य देवव्रत आज यहां बैंक आफ बड़ौदा चंडीगढ़ अंचल की ओर से किसान पखवाड़े के तहत यहां केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान (सीएसएसआरआई)में आयोजित मेगा किसान मेला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज खेती में रसायनों, यूरिया, कीटनाशक आदि को अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है। फल-सब्जियों, दूध आदि के जरिय इस मीठे जहर का असर लोगों की सेहत को चौपट कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज लोगों ने शरीर से पसीना निकालना छोड़ दिया है। हर्ट अटैक, मधुमेह, किडनी फेल, घुटना प्रत्यारोपण आदि के मामले बढ़ रहे हैं। यह चिंता की बात है, इसके कारणों के बारे में गंभीरता से सोचना होगा। राज्यपाल ने कहा कि खेतों में पेड़-पौधों की संख्या नगण्य रह गई है। जंगलों में जीव-जंतु घट गये हैं। पर्यावरण असंतुलन के कारण कहीं तूफान आ रहे हैं तो कहीं सूखा पड़ा है। कहीं बाढ़ का प्रकोप है तो कहीं लू का। जलवायु परिवर्तन में 24 प्रतिशत योगदान रसायनिक खेती का है। उन्होंने बताया कि खेतों में यूरिया व डीएपी के खेतों में छिड़काव के समय जब आक्सीजन नाईट्रोजन के संपर्क में आती है तो नाइट्स आक्साइड गैस पैदा होती है। यह कार्बन डाइआक्साइड से 312 गुणा ज्यादा खतरनाक है। हालांकि वातावरण संतुलन को बिगाड़? में कार्बन डाई आक्साइड को दोषी माना जाता है लेकिन नाइट्स आक्साइड इससे सैंकड़ों गुणा ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि जैविक खेती से मिथेन गैस पैदा होती है। यह भी कार्बन डाइआक्साइड से 22 गुणा ज्यादा खतरनाक है। तीस-चालीस साल से जैविक खेती की बात की जा रही है लेकिन यह अभी तक किसानों में लोकप्रिय नहीं हुई। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया है।

# यादव धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के पूर्व सैनिकों ने रेजांगला शौर्य दिवस पर संघ प्रधान सूबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि रेजांगला युद्ध पराक्रम के मानचित्र पर संघ कार्यकारिणी सदस्य एवं मुख्यातिथि यादव सभा प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने दीप प्रज्वलित व दो मिनट मौन रख वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी। 13 कुमाऊं रेजीमेंट सूबेदार मेजर दलीप सिंह यादव निवासी जावा ने रेजांगला युद्ध पर प्रकाश डालते हुए कहा यह युद्ध



विषम परिस्थितियों में लड़ा गया। विश्व के बड़े युद्धों में इस युद्ध का नाम दर्ज है, आखरी गोली और आखरी सांस तक लड़ा गया यह युद्ध 13 कुमाऊं रेजीमेंट की चार्ली कंपनी के वीर अहीरों द्वारा लड़ा गया था। भाजपा के हरियाणा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक विकास संघ के सौजन्य से सेवानिवृत सैनिक जनसंपर्क अभियान जो संघ ने चला रखा है, वह बहुत ही सराहनीय हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि रेजांगला शहीद स्मारक के लिए प्रयास चल रहे हैं। अगर उसकी कहीं भी जरूरत पड़े तो वह आपके साथ खड़ा मिलेगा। भूतपूर्व सैनिक विकास संघ अध्यक्ष सूबेदार रामस्वरूप यादव ने कहा कि बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है पिछले 20 वर्षों से महेंद्रगढ़ में रेजांगला शहीद स्मारक बनाने के लिए सभी नेताओं के समक्ष सेना के बड़े-बड़े अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रखी, लेकिन सिर्फ और सिर्फ आश्वासन दिए कि अगले वर्ष यह दिवस रेजांगला शहीद स्मारक पर ही मनाया जाएगा, लेकिन बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आज तक हमें रेजांगला शहीद स्मारक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि इस बार हम 18 नवंबर रेजांगला शौर्य दिवस के बजाय 1971 के युद्ध 16 दिसंबर को विजय दिवस को मनाएंगे। इसकी तैयारी के लिए 26 नवंबर को पूर्व सैनिक संघ की विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें विजय दिवस मनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। मुख्यातिथि एडवोकेट अभयराम यादव ने कहा कि रेजांगला शहीद स्मारक और अहीर रेजिमेंट की मांग को यादव सभा महेंद्रगढ़ पूर्ण समर्थन देती है और यादव सभा कई बार उपायुक्त को ज्ञापन दे चुकी है।

**श्रद्धांजलि**

▶▶ एडवोकेट अभयराम ने दीप प्रज्वलित व दो मिनट मौन रख वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित की दी से घायल

# 'आहार ही औषधि'पर एक सेमिनार एवं चिकित्सा कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर डॉक्टर बलविंदर सिंह ज़िला आयुर्वेद अधिकारी के तत्वावधान में "आहार ही औषधि "पर एक सेमिनार अवम चिकित्सा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ललित बत्रा भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व वाइस चेयरमन पब्लिक ब्यूरो एंटप्राईजेज हरियाणा सरकार ने शिरकत की। इस अवसर पर सभी डॉक्टर ने इस सेमिनार में आयुष औषधि के बारे में विस्तार से बताया तथा वहाँ रखी प्राकृतिक वस्तुओं की गुणवता के बारे में जैसे दालचीनी ,चना ,धनिया इत्यादि की उपयोगिता के बारे में बताया। बतौर मुख्य अतिथि ललित बत्रा ने इस अवसर पर बताया कि कैसे हमारे



बजुर्गों ने इन प्राकृतिक चीजों का सेवन कर निरोग जीवन लम्बी उम्र तक जिया इस बात पर विशेष जोर दिया और कहा की इसको अपने दिनचर्या में उपयोग कर अपना जीवन निरोग बनाए। इस अवसर पर डॉक्टर बलविंदर सिंह ज़िला आयुर्वेद अधिकारी सोनीपत के साथ साथ डॉक्टर विनोद कुमार ,डॉक्टर विनय चौधरी,डॉक्टर रजनीश वर्मा ,डॉक्टर कुलदीप सिंह , डॉक्टर दीप्ति और डॉक्टर अंजु पंचकर्म विशेषज्ञ तथा मनीष सहायक द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान किया ।

# संगठन को मजबूत बनाना ही अभियान का मूल उद्देश्यः मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से आर्य कॉलेज के सभागार में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कियो बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की इस अवसर पर पूर्व सांसद संजय भाटिया, प्रदेश महामंत्री महामंत्री डॉक्टर अर्चना गुप्ता, केन्द्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं सदस्यता अभियान प्रभारी एडवोकेट वेदपाल को भी सम्मानित किया गयो बैठक में पूर्व



मेयर अवनीत कौर, पूर्व पार्षद रविन्द्र भाटिया, भाजपा वरिष्ठ नेता हरपाल ढांडा, डॉ. हेमा रमन और कृष्ण छौक्कर भी मौजूद रहे' बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम और भारत माता की जय के साथ हुआ' मुख्य अतिथि ने पानीपत जिले के पांच ऐसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जिन्होंने 250 से अधिक नए सदस्य पार्टी के साथ जोड़े है बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडोली ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का सम्मान अन्य पार्टियों से अधिक है' इस पार्टी में कौन कार्यकर्ता कितने ऊंचे पद पर कब पहुंच जाए किसी को नहीं पता उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन है' उन्होंने कहा कि अन्त्योदय को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन को अधिक से अधिक मजबूत बनाना अनिवार्य है इसी के दृष्टिगत यह राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चलाया गया है

**"6 वर्षो के लिए होगी यह सदस्यता -"**

इस अभियान के तहत अब तक प्रदेश के 20,600 बूथों पर 30 नवम्बर से पूर्व 50 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और प्रत्येक बूथ पर 250 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है यह सदस्यता 6 वर्ष के लिए होगी' उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता तक पहुंचा कर लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरपूर प्रयास करें' उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम से कुछ कार्यकर्ताओं को निराशा होने लगी थी लेकिन हरियाणा में तीसरी बार जब भाजपा की सरकार बनी तो जिस प्रकार हरियाणा से निष्काम कर्म का संदेश गीता के माध्यम से सारे विश्व में गया था।

**सेवाभाव**

▶▶ भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का सम्मान अन्य पार्टियों से अधिक है

## संपादकीय

# मुश्किल नहीं सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसरों का सृजन

**अमेरिकी ब**हुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी 'गोल्डमैन सैक्स' की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी भी हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार जीवीए यानी कि ग्रास वैल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हालांकि जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था उछाल भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों-कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ें। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की ओर पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा। यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई-मैन्यूफेक्चरिंग-विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है। केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है। कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही हैं तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाई-वे, एक्सप्रेस हाई-वे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। इसमें कोई दोराय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों-कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बेंगलुरु को आईटी का केन्द्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोएडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसे में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढ़ाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं।

# धूर्त पाक की नापाक धरती पर कत्तई न जाए भारतीय क्रिकेट टीम

**डॉ० आर.के. सिन्हा**

> "पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं, ने कहा है कि उसने हमला किया है। इसने कहा कि उसने कराची हवाई अड्डे से आ रहे "चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के एक काफिले" को "निशाना बनाया"। यह हमला उस वक्त हुआ है जब पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा था। यह भी याद रखा जाए कि चीनियों पर हमला उस वक्त हुआ था जब वहां इंग्लैंड की क्रिकेट टीम टेस्ट मैच खेल रही है। जाहिर है, आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान का यह दावा तार-तार हो गया है कि वहां हालात सामान्य हैं। बहरहाल, भारत को अपने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए"

**भारत** ने साफ कर दिया है कि उसकी क्रिकेट टीम आगामी साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग नहीं लेगी। इस तरह से उसने दुनिया को एक सख्त और स्पष्ट संदेश दे दिया है कि जब तक पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद जारी रहेगा, तब तक भारत अपने पड़ोसी मुल्क के साथ अन्य क्षेत्रों में भी सामान्य व्यवहार का दृष्टिकोण नहीं रख सकता। भारतीय क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में क्रिकेट न खेलना एक जटिल मुद्दा है, जिसके राजनीतिक और सुरक्षात्मक दोनों पहलू हैं। आपको इस तरह के कई पिलपिले तर्क देने वाले मिल जाएँगे कि खेल को राजनीति से अलग रखना चाहिए। क्रिकेट के माध्यम से दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध बेहतर हो सकते हैं। खेल प्रशंसकों को एकजुट करता है और सद्भावना का संदेश देता है। तो क्या हम इस काल्पनिक सद्भावना के लिये अपने लोकप्रिय खिलाड़ियों की जान खतरे में डाल दें? पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही हैं। हाल के दौर में वहां पर दर्जनों चीनी नागरिकों और सेना के जवानों का कत्ल हो चुका है। पाकिस्तान में कई आतंकी संगठन सरकार के खिलाफ बागी तेवर अपनाते हुए आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में खुलेआम लगे हुए हैं। क्या इन परिस्थितियों में हमें अपनी टीम को सीमा के उस पार भेजना चाहिए? कहना न होगा कि इस तरह का कोई भी कदम बहुत महंगा पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से राजनीतिक तनाव चल रहा है, जिसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सके, न तो होने की कोई संभावना ही दिख रही है । इसलिए, सुरक्षा चिंताएं एक महत्वपूर्ण कारण हैं, राष्ट्रहित में लिये गए इस निर्णय का! पाकिस्तान में सुरक्षा की स्थिति कभी भी स्थिर नहीं रहती। इसलिए भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता करना लाजिमी है। यह याद रखना होगा कि कुछ साल पहले पाकिस्तान में श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर भीषण हमला लाहौर शहर में हुआ था। श्रीलंका की क्रिकेट टीम पर यह हमला 3 मार्च 2009 को



हुआ था, जब लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम के पास एक बड़े काफिले का हिस्सा श्रीलंकाई क्रिकेटरों को ले जा रही एक बस पर 12 बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी। क्रिकेटर पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन खेलने के लिए जा रहे थे।

उस घटना को सारी दुनिया ने अपने टीवी सेटों और मोबाइल सेटों पर देखा था। भारत यूं ही पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप नहीं लगाता। पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से आतंकवादी हमले किये है। पाकिस्तान ने ही 1948, 1965, 1971 और कारगिल के युद्ध शुरू किए। यह अलग बात है कि उसे हर बार कसकर मार पड़ी। पर वह तो एक नंबर का धूर्त है। उसे मार खाने में ही आनंद आता है। हालांकि यह भी सच है कि पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद ने भारत पर गहरा प्रभाव डाला है। दशकों से, विभिन्न आतंकवादी समूहों ने भारत में कई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया है, जिससे बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों को चोटें लगी हैं और बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इन हमलों के परिणामस्वरूप भारत को व्यापक आर्थिक नुकसान हुआ है। मुंबई पर हुए 2008 के आतंकवादी हमलों में हुए नुकसान का आंकलन करना मुश्किल है, क्योंकि; इसमें मानवीय और आर्थिक दोनों तरह के नुकसान शामिल हैं। मुंबई हमलों में 164 से ज्यादा लोग मारे गए, जिसमें कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे। सैकड़ों लोग घायल हुए, कई को गहरी चोटें आईं। उस भयावह हमलों के बाद मुंबई पहले की तरह कभी नहीं हुई। हमलों का उन लोगों पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ा जो जीवित बचे, उनके परिवारों और समूचे शहर पर। अगर आर्थिक नुकसान की बात करें तो हमलों से संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ, जिसमें होटल, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। मरम्मत और पुनर्निर्माण की लागत का सटीक आकलन तो नहीं किया जा सकता। पर्यटन उद्योग पर भारी प्रभाव पड़ा, जिससे व्यापार में गिरावट आई और सैकड़ों की नौकरियां चली गईं। यह आर्थिक नुकसान दीर्घकालिक था। सारी दुनिया जानती है कि हमला पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से किया था। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में होना है। भारत ने लाहौर में अपने सभी मैचों को दुबई में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है, क्योंकि भारतीय सरकार अपनी टीम को पाकिस्तान में खेलना नहीं चाहती। भारत पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने और साथ ही सामान्य व्यवहार को अपनाने की दोहरी नीति नहीं अपनाना चाहता। यह पाकिस्तान को जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के लिए अपने छद्म समर्थन को वैध बनाने की अनुमति देगा। पाकिस्तान इसलिए भारतीय टीम की भागेदारी चाहता है कि अगर उसने भाग नहीं लिया तो सारा आयोजन चौपट हो जाएगा। प्रायोजक नहीं आएंगे। जरा सोचिए कि जब पाकिस्तान चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता तो भारतीय टीम की क्या करेगा। चीन के सामने तो सारी पाकिस्तान सरकार कटोरा लेकर खड़ी रहती है। पाकिस्तान में बीते अक्टूबर महीने में कराची हवाई अड्डे के पास आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए और कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट सिंध प्रांत में बिजली परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हुआ था।

पृथकतावादी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), जिसने हाल के वर्षों में पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं में शामिल चीनी नागरिकों पर बार-बार हमले किए हैं, ने कहा है कि उसने हमला किया है। इसने कहा कि उसने कराची हवाई अड्डे से आ रहे "चीनी इंजीनियरों और निवेशकों के एक काफिले" को "निशाना बनाया"। यह हमला उस वक्त हुआ है जब पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा था। यह भी याद रखा जाए कि चीनियों पर हमला उस वक्त हुआ था जब वहां इंग्लैंड की क्रिकेट टीम टेस्ट मैच खेल रही है। जाहिर है, आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान का यह दावा तार-तार हो गया है कि वहां हालात सामान्य हैं। बहरहाल, भारत को अपने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। भारत को अपनी क्रिकेट टीम किसी भी सूरत में पाकिस्तान नहीं भेजनी चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

## कविता

### दोहरे सत्य

कहाँ सत्य का पक्ष अब, है कैसा प्रतिपक्ष।
जब मतलब हो हाँकता, बनकर 'सौरभ' अक्ष॥

बदला-बदला वक़्त है, बदले-बदले कथ्य।
दूर हुए इंसान से, सत्य भरे सब तथ्य॥

क्या पाया, क्या खो दिया, भूल रे सत्यवान।
किस्मत के इस केस में, चलते नहीं बयान॥
रखना पड़ता है बहुत, सीमित, सधा बयान।
लड़ना सत्य 'सौरभ' से, समझो मत आसान॥

कर दी हमने जिंदगी, इस माटी के नाम।
रखना ये संभालकर, सत्य तुम्हारा काम॥

काम निकलते हों जहाँ, रहो उसी के संग।
सत्य यही बस सत्य है, यही आज के ढंग॥

चुप था तो सब साथ थे, न थे कोई सवाल।
एक सत्य बस जो कहा, मचने लगा बवाल॥

'सौरभ' कड़वे सत्य से, गए हजारों रूठ।
सीख रहा हूँ बोलना, अब मैं मीठा झूठ॥
तुमको सत्य सिखा रही, आज वक़्त की मात।
हम पानी के बुलबुले, पल भर की औकात॥
जैसे ही मैंने कहे, सत्य भरे दो बोल।
झपटे झूठे भेड़िये, मुझ पर बाहें खोल॥
कहा सत्य ने झूठ से, खुलकर बारम्बार।
मुखौटे किसी और के, रहते है दिन चार॥

संजीव

## ठोस कदम उठाने की फंडेबाजी

**रामविलास जांगिड़**

**इधर** भाषणों और नारों में ठोस कदम उठाने का विशेष स्थान है। चाहे यह कोई राजनेता हो, सोशल मीडिया का योद्धा या फिर गली के नुक्कड़ पर बैठे ज्ञानवान चाचा जी! हर कोई ठोस कदम उठाने की बात करते हैं। इन सब चीजों से अजीज आकर मैंने भी फैसला कर लिया है कि मैं भी आज-कल में ही कोई ठोस कदम जरूर उठा लूंगा। ये ठोस कदम उठाकर मैं रखूंगा किधर इस पर अभी कोई सोच विचार नहीं किया है। बस एक बार मौका मिला नहीं कि मैं ठोस कदम उठा ही लूंगा। इस संबंध में सभी आम और खास टाइप के लोगों को सूचना देता हूं कि इस महीने की आखिरी तारीख को शाम 7 बजे मैं अपना ठोस कदम उठा लूंगा। जिस किसी बंदे-बंदी को मेरे ठोस कदम उठाने पर ऐतराज हो, वो इस तारीख से पहले-पहले इस पर वाद दायर कर सकता है, इसके बाद जब एक बार मैंने ठोस कदम उठा लिया फिर कोई भी ना-नुक्कर नहीं कर पाएगा। ठोस कदम आखिर है क्या बला? क्या ये कंक्रीट से बना कोई कदम है, जिसे उठाने में इंजीनियरों की टीम लगानी पड़े? या फिर यह ऐसा कदम है जिसे उठाने के बाद पैरों तले जमीन खिसक जाए? सच्ची ठोस कदम का मतलब यही है कि कुछ भी ठोस किया न जाए। ठोस से तात्पर्य यही है कि कदम इतने भारी हो कि कोई और उसे उठा ही न पाए! कुर्सी-जीवी नेताजी कहते हैं, "हम ठोस कदम उठाएंगे।" इसका अर्थ यह है कि वोट मिलते ही पांच साल तक कोई कदम नहीं उठाएंगे। जब कहीं बाढ़ आती है या पुल गिरता है, तो सरकार कहती है, "हम ठोस कदम उठाएंगे।" पुल तो फिर भी ठोस बनता है, पर कदम? वे केवल कागजों में बंदर-बांट के लिए उठते हैं। जब कोई बॉस कहता है, "हम इस समस्या पर ठोस कदम उठाएंगे," तो इसका अर्थ है कि अगली मीटिंग तक ये समस्या ठंडी पड़ जाएगी। मोहल्ले में कचरा फैलाने पर शर्मा जी हर बार कहते हैं, "भाई साहब, अब तो ठोस कदम उठाना ही पड़ेगा।" ठोस कदम? उन्होंने डस्टबिन खरीदने के बजाय कचरा पड़ोसी के गेट के बाहर डालना शुरू कर दिया। जब संयुक्त राष्ट्र कहता है कि "हम जलवायु परिवर्तन के लिए ठोस कदम उठाएंगे," तो इसका मतलब यह है कि अगले सम्मेलन तक सब कुछ वैसा ही रहेगा। दुनिया के बड़े नेता ठोस कदम के नाम पर मीटिंग्स में चाय और कॉफी के कप ठोस रूप से उठाते हैं। फिर अपने-अपने पाद से इन संकल्पों की हवा निकालते रहते हैं। किसी को सुधारने का वादा करना हो- "हम ठोस कदम उठाएंगे।" किसी गलती को सुधारने का आश्वासन देना हो- "हम ठोस कदम उठाएंगे।" जब कुछ भी नहीं करना हो- "हम ठोस कदम उठाएंगे।" एक आदमी ने ठोस बजट बनाने की कोशिश की तब वह महीने में दो बार नूडल्स खा रहा है। "कल से मैं जिम जाऊंगा" कहकर ठोस कदम उठाने वाले लोग बिस्तर पर पड़े हुए पिज्जा खाते रहते हैं। कल से रोज 1 घंटे योग करूंगा।

## विचार

# युवा शक्ति के प्रतीक एवं प्रेरणा-स्रोत

**-प्रियंका सौरभ**

**मनुमुक्त के पिता डॉ. रामनिवास 'मानव' भरे मन से बताते हैं** कि अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही और मनुमुक्त की मृत्यु के षड्यंत्र में शामिल उनके बैचमेट अफसरों की संलिप्तता के दस्तावेजी सबूतों के बावजूद, उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि तेलंगाना पुलिस और सीबीआई ने इसे सामान्य घटना बताकर मामले को रफा-दफा कर दिया। तेलंगाना पुलिस और सीबीआई का पूरा प्रयास दोषियों को बचाने का था, दोषियों को सजा दिलाने का नहीं। ? यही नहीं, मनुमुक्त को ट्रेनी बताकर सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया, किसी ने एक रुपये की भी आर्थिक सहायता परिवार को प्रदान नहीं की। *नियति* का यह कैसा दुखद विधान है कि विशिष्ट प्रतिभाओं को यहाँ अत्यल्प जीवन ही मिलता है। आदि शंकराचार्य से लेकर स्वामी विवेकानंद, स्वामी रामतीर्थ, श्रीनिवास रामानुजन, भारतेंदु हरिश्चंद्र और रांगेय राघव तक, एक लंबी सूची है ऐसे महापुरुषों? की, जो अपनी चमक बिखेरकर अल्पायु में ही इस दुनिया से विदा हो गए। भारतीय पुलिस सेवा के युवा अधिकारी मनुमुक्त 'मानव' भी एक ऐसे ही प्रतिभा-पुंज थे, जिन्हें काल ने असमय ही अपना ग्रास बना लिया।

28 अगस्त, 2014 को बहुमुखी प्रतिभा के धनी, अत्यंत होनहार और प्रभावशाली पुलिस अधिकारी मनुमुक्त की 30 वर्ष, 9 माह की अल्पायु में नेशनल पुलिस अकेडमी, हैदराबाद (तेलंगाना) के स्विमिंग पूल में डूबने से, संदिग्ध परिस्थितियों में, मृत्यु हो गई थी। स्विमिंग पूल के पास ही स्थित ऑफिसर्स क्लब में चल रही विदाई पार्टी के बाद, आधी रात को जब मनुमुक्त का शव स्विमिंग पूल में मिला, तो अकेडमी में ही नहीं, पूरे देश में हड़कंप मच गया, क्योंकि यह अकेडमी के 66 वर्ष के इतिहास में घटित होने वाली पहली इतनी बड़ी दुर्घटना थी। यहीं यह बताना भी आवश्यक है कि इतनी मर्मांतक और दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी के बाद भी इस मामले की न तो? ठीक-से जांच हुई और न ही किसी अधिकारी या कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर, उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की गई। मनुमुक्त के पिता डॉ. रामनिवास 'मानव' भरे मन से बताते हैं कि अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही और मनुमुक्त की मृत्यु के षड्यंत्र में शामिल उनके बैचमेट अफसरों की संलिप्तता के दस्तावेजी सबूतों के बावजूद, उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि तेलंगाना पुलिस और सीबीआई ने इसे सामान्य घटना बताकर मामले को रफा-दफा कर दिया। तेलंगाना पुलिस और सीबीआई का पूरा प्रयास दोषियों को बचाने का था, दोषियों को सजा दिलाने का नहीं। ? यही नहीं, मनुमुक्त को ट्रेनी बताकर सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया, किसी ने एक रुपये की भी आर्थिक सहायता परिवार को प्रदान नहीं की।

उल्लेखनीय है कि मनुमुक्त 2012 बैच और हिमाचल प्रदेश काडर के परम मेधावी और ऊर्जावान पुलिस अधिकारी थे। 23 नवंबर, 1983 को हिसार (हरियाणा) में जन्मे तथा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त मनुमुक्त ने 'सी' सर्टिफिकेट सहित एनसीसी की सभी सर्वोच्च उपलब्धियाँ प्राप्त की थीं। वह बहुत अच्छे चिंतक होने के साथ-साथ बहुमुखी कलाकार और सफल फोटोग्राफर भी थे; सेल्फी के तो मास्टर ही थे। उनकी समाज-सेवा में भी बड़ी रुचि थी। वह अपने दादा-दादी की स्मृति में अपने पैतृक गाँव में स्वास्थ्य-केंद्र तथा नारनौल में सिविल सर्विस एकेडमी स्थापित करना चाहते थे। देश और समाज के लिए उनके और भी बहुत सारे सपने थे, जो उनकी असामयिक मृत्यु के साथ ही ध्वस्त हो गए। इकलौते जवान आईपीएस बेटे की मृत्यु मनुमुक्त के पिता, वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षाविद् डॉ. रामनिवास 'मानव' तथा माता अर्थशास्त्र की पूर्व प्राध्यापिका डॉ. कांता भारती के लिए भयानक वज्रपात से कम नहीं थी। कोई अन्य दम्पत्ति होता, तो शायद टूटकर बिखर जाता, लेकिन 'मानव' दम्पत्ति ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय देते हुए, न केवल इस अकल्पनीय-असहनीय पीड़ा को झेला है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 'बुलडोजर कार्रवाई ' न्याय नहीं नफरत व कुंठा की पराकाष्ठा

**तनवीर जाफरी**

**भारतीय राजनीति** का स्वरूप अब बदल चुका है। अब हाथ जोड़कर विनम्रता प्रदर्शित करते नेताओं का युग शायद चला गया। कम से कम आज के दौर के नेताओं के तेवर उनके मुंह से निकलने वाले जहरीले शब्द बाणों, उनकी नीयत व कार्यशैली आदि को देखकर तो यही लगता है। खासतौर पर गत एक दशक से जब से दक्षिणपंथी शक्तियों के हाथों में देश की सत्ता आई है तब से केंद्र व अनेक राज्य सरकारों द्वारा कई ऐसे फैसले लिये गये जिनके कारण देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय तर्ज-ए-सियासत की खूब आलोचना हुई। भारतीय जनता पार्टी शासित विभिन्न राज्य सरकारों का ऐसा ही एक मनमाना व अमानवीय निर्णय था 'बुलडोजर न्याय '। हालांकि देश की विभिन्न अदालतों द्वारा पहले भी इस विषय पर संज्ञान लिया जा चुका है। परन्तु पिछले दिनों देश के सर्वोच्च न्यायलय ने इस सम्बन्ध में नये व सख़्त दिशा-निर्देश के जारी किये और कहा कि उसका यह आदेश हर राज्य में भेजा जाए और सारे अधिकारियों को इसके बारे में बताया जाए। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की दो जजों की पीठ ने कहा है कि किसी व्यक्ति के घर या संपत्ति को केवल इसलिए तोड़ना कि वह अपराधी है या उन पर अपराध के आरोप हैं, कानून के खिलाफ है। न्यायालय ने कहा कि घर या कोई जायदाद तोड़ने से पहले कम से कम 15 दिन का नोटिस देना होगा। अगर किसी राज्य के कानून में इससे लंबे नोटिस का प्रावधान हो तो उसका पालन करना होगा। यह नोटिस रजिस्टर्ड पोस्ट से देना होगा। इसके साथ ही कथित गैर कानूनी ढांचे पर भी इस नोटिस को चिपकाना होगा। नोटिस पर पहले की तारीख न दी जाए।

इसके लिए नोटिस की एक कॉपी कलेक्टर/ ज़िला मजिस्ट्रेट को भी ईमेल पर भेजनी होगी। सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश में कहा गया है कि नोटिस में ये भी लिखना होगा कि कौन से कानून का उल्लंघन हुआ है,इस मामले में सुनवाई कब होगी। और जब सुनवाई हो तो उसका पूरा विवरण भी रिकॉर्ड करना होगा।

## गजब की भूख

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**ये हावड़ा**-मुंबई मेल का अउ फर्स्ट क्लास का डब्बा था। इसमें सफर कर रहे थे हमारे नए भारत के कुछ खास बाबू लोग–ठेकेदार, अफसर, बिजनेसमैन और नेता। आधुनिकता और रुतबे के प्रदर्शन में लिपटे हुए, ये सज्जन अपने-अपने सफर में तो खोए थे ही, साथ ही अपनी असली भूख को भी न भूल पाए थे। सफर शुरू होते ही ठेकेदार बाबू ने झटपट अपने मोबाइल में कॉल किया–"हां भाई, देखना वो पुल की सीमेंट की क्वालिटी थोड़ा लाइट रख लेना, बस ऊपर दिखे मजबूत। और सुनो, इस बार कुछ गिफ्ट्स का इंतजाम भी कर देना, बड़े साहब का तबादला होने वाला है, तो फेयरवेल भी शानदार होनी चाहिए!" वहीं कोने में बैठे थे हमारे कलेक्टर साहब। उनकी आँखों में प्रमोशन की चमक थी। सफर का असली आनंद तो उनकी आंखों में तब आया, जब उन्होंने अपनी डायरी में बड़े बड़े शब्दों में नोट किया–"पब्लिक ने शिकायत कर दी थी, सड़क की हालात खराब थी, अगले महीने बड़े टेंडर के लिए तैयार होना पड़ेगा।" पास में बैठे बिजनेसमैन महाशय अपने लैपटॉप में मुनाफे के ग्राफ देख रहे थे। उनके चेहरे पर एक संतोष की मुस्कान तैर गई थी। "कर्मचारियों के बोनस में कटौती करके मुनाफा कितना बढ़ गया, वाह!" वह अपने बगल में बैठे एक ठेकेदार से बोले, आजकल ये गरीब लोग भी कुछ ज्यादा ही चाहते हैं; मजदूरी दो और बस चुपचाप काम करवाओ। अभी तो ट्रेन चल ही रही थी कि अचानक ही कुछ हड़कंप मचा। पैंट्री कार से एक गरीब मजदूर अचानक भागता हुआ आया और ठेकेदार साहब के पैरों पर गिर पड़ा। "साहब, तीन दिन से भूखा हूं, कुछ खाने को दे दो।" ठेकेदार ने घृणा से उसे देखा और पैर हटा लिए। बोले, "भूख तो मैं भी समझता हूं, बस मेरी भूख अलग है–मुझे कुर्सी चाहिए, ठेके चाहिए, बंगले चाहिए!"

कलेक्टर साहब ने अपनी टोपी ठीक करते हुए मजदूर को आंखें तरेरीं और बोले, "बड़े आदमी की भूख समझेगा क्या? हमारी भूख नौकरी में नाम कमाने की है, वो भी जनसेवा के नाम पर।" मजदूर की आंखों में नमी थी।

## न्यूज फ्लैश

### गुलमोहर पार्क से की गई त्रिदिवसीय योग शिविर की शुरूआत



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शीतकालीन ऋतु के कारण योग कक्षा सेक्टर 12 और ग्रीन बेल्ट योग कक्षा सेक्टर 13 को बलदेव जन सेवा दल स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया है। त्रिदिवसीय योग शिविर की शुरूआत गुलमोहर पार्क से की गई। उसके बाद प्राणायाम सत्र का अभ्यास बलदेव जन सेवा दल में करवाया गया। प्राणायाम सत्र के दौरान गुलाटी ने कहा कि शीत ऋतु में नित्य प्रति प्राणायाम करने से इम्युनिटी मजबूत होती हैं, एलर्जी की समस्या ठीक होती हैं, साइनस की जकड? ठीक होती हैं। प्राणायाम करने से शरीर में अग्नि बढ़ती है, जिससे पाचन और चयापचय बेहतर होता है। इस मौसम में विशेष रूप से सूर्यभेदी प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम और भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर योग शिक्षिका नीलम बटला, पूनम खन्ना, नरेश चौधरी, वेद प्रकाश खन्ना और बहुत सारे साधक उपस्थित रहे।

### खालसा कालेज के विद्यार्थियों ने इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में जीते 7 पुरस्कार



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल के कलाकार विद्यार्थियों ने इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में 7 पुरस्कार जीत कर रिकॉर्ड कायम किया और जिला करनाल में एक बार फिर पहला स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया।

प्राचार्या डॉ शशी मदान ने बताया कि आईबी कॉलेज पानीपत में आयोजित इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में शास्त्रीय गायन में हमारे छात्र देव रावत ने पहला पुरस्कार जीत। कॉलेज ने पाश्चात्य समूह गान, सामान्य समूह गान, लाइट स्वर इंडियन, बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट, डिबेट में दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि छात्रा प्रिया मलिक ने एलोकेशन में तीसरा पुरस्कार जीता।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विद्यार्थियों ने रत्नावली युवा महोत्सव में भाग लिया था और सभी चारों विधाओं में पुरस्कार जीते थे। इसके अतिरिक्त जनरल यूथ फेस्टिवल में भी विद्यार्थियों ने कुल 11 पुरस्कार जीते। कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी विजेता छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया।

सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि विद्यार्थियों को तैयार करवाने में संगीत विभाग के आचार्य डॉ कृष्ण अरोड़ा का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि कालजी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सदैव तत्पर है और विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करते हुए उनके मुकाम तथा लक्ष्य को प्राप्त करना ही कॉलेज का आखिरी उद्देश्य है। ई बी कॉलेज पानीपत में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार दे कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रो॰ राबिया विर्क, सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रभारी डॉ बीर सिंह, डॉ देवी भूषण, डॉ अमरजीत कौर, मास्टर राजेश, रोनी, केशव, कशिश, कुणाल, मोहित, नवनीत कौर, अवनीत कौर, देवेंद्र, कमलप्रीत कौर, सलोनी चौहान व दीपक उपस्थित रहे।

# औद्योगिक क्षेत्र में भारत तीन नए फाइबर पर कर रहा कार्य: गिरीराज सिंह

## औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं, प्रचार प्रसार व डिप्लोमा शुरू करने की आवश्यकता

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/(कमाल हुसैन)

**भारत सरकार के** कपड़ा मंत्री गिरी राज सिंह ने सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न इकाईयों का दौरा करने के बाद सैक्टर 25 में हैंडलूम एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉन्सिल व पानीपत एक्सपोर्ट एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में औद्योगिक इकाईयों के संचालकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तीन नए फाइबर पर कार्य कर रहा है आने वाले समय में इसका इंडस्ट्री को लाभ पहुंचेगा।

कपड़ा मंत्री ने कहा कि आज देश -दुनिया में नये नये डिजाइन का वातावरण है। एक बार जो डिजाइन मार्केट में दिखाई देता है बहुत जल्दी लुप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने डिजाइन को लेकर कार्य किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित



औद्योगिक इकाईयों के संचालकों ने औद्योगिक इकाईयों में आ रही समस्याओं से संबधित मांग पत्र भी मंत्री के समक्ष रखा जिस पर उन्होंने राज्य सरकार व स्थानीय इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के बाद इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। कपड़ा मंत्री ने कहा कि आज दुनिया में फास्ट फैशन का जमाना है। पानीपत में भी इस दिशा में कितनी इकाईयां कार्य कर रही है इसकी जानकारी भी उन्होंने इंडस्ट्री संचालकों से मांगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक नगरी में हैंडलूम का अच्छा खासा कारोबार है। इसे ओर बढ़ाने की तरफ ध्यान देना होगा। उन्होंने चेन्नई का उदाहरण देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में आगे बढने.के लिए प्रचार प्रसार व क्षेत्र से जुड़े डिप्लोमा शुरू करने की आवश्यकता है। हमें समय के साथ चलना होगा तभी हम आगे बढ़

**डिजाइन पर चर्चा**

एक बार जो डिजाइन मार्केट में दिखाई देता है बहुत जल्दी लुप्त हो जाता है : सिंह

सकते है। दुनिया में इस क्षेत्र से जुड़ी नित नई नई मांगे हैं जिनके लिए हमें और ज्यादा जोर देना होगा। कपड़ा मंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में औद्योगिक इकाईयों के बलबूते ही इस क्षेत्र में और बढ़ोतरी करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अपने संबोधन में पानीपत में संचालित की जा रही विभिन्न इंडस्ट्रीज पर प्रकाश डाला व उनका सहयोग करने का आश्वासन भी दिया।

### शिविर मे समस्याओं को निपटाने का हर संभव प्रयास करें अधिकारी



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने से उनमें जिला प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। वे जिला प्रशासन की इस मुहिम से बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आयुक्त ब्रह्मद्जीत सिंह रांगी ने 08 शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय से संबंधित आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर छोटी से छोटी समस्याओं को पूरी गंभीरता से नागरिकों की संतुष्टि के साथ निपटाएं। उन्होंने बताया कि आज सोनीपत नगर निगम में आयोजित समाधान शिविर में 11 शिकायतें प्राप्त हुई। इसके अलावा गोहाना नगरपरिषद, गन्नौर, खरखौदा तथा कुण्डली नगर पालिका में कोई भी शिकायत प्राप्त नही हुई।

### 2 किसानों की 36 क्विंटल धान की फसल चोरी

**गन्नौर।** सर्दी का मौसम आते ही चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। चोर तेवड़ी गांव स्थित खेत से धान की फसल चोरी कर ले गए। किसान ने चोरी की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में गांव तेवड़ी निवासी यशवीर में बताया कि उसने सरधाना गांव के हरिसिंह की 6 एकड़ जमीन ठेके पर ले रखी है और उसमें धान की फसल लगा रखी थी। 14 नवम्बर को उसने 2 एकड़ की धान की फसल निकाली और खेत मे ही छोड़ कर अपने घर चला गया। 15 नवम्बर की रात को चोर उसके खेत से 30 किवंटल 1121 धान चोरी कर ले गए।

## 28 नवंबर से होगा गीता महोत्सव का आयोजन: नेहा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर 28 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रदेश सरकार के आदेशानुसार लाडवा और पिहोवा में 9 दिसंबर से लेकर 11 दिसंबर 2024 तक गीता जयंती समारोह का आयोजन होगा। लाडवा और पिहोवा में आयोजित होने वाले गीता जयंती समारोह में वैश्विक गीता पाठ, गीता सेमिनार, नगर शोभा यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के वीसी




हॉल में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव और सभी उपायुक्तों को 9 दिसंबर से 11 दिसम्बर तक मनाई जाने वाली जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आदेश भी दिए कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि गीता जयंती समारोह में सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का आयोजन किया जाएगा। यूएलबी के आयुक्त एवं केडीबी के सदस्य सचिव विकास गुप्ता ने सभी जिला उपायुक्तों को वीसी के जरिए निर्देश दिए कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव तथा जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय रहते सभी प्रबन्ध पूरे किए जाने चाहिए। सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडूरंग ने भी वीसी के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष गीता जयंती समारोह के आयोजन के लिए कमेटी के माध्यम से तमाम प्रबन्ध किए जाएंगे और जिला स्तरीय गीता जयंती कार्यक्रमों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का प्रबंध जिला स्तरीय कमेटी के माध्यम से ही किया जाएगा। केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की जानकारी दी।

### कांग्रेस ने चुनाव के समय में भी जनता को भ्रमित किया था: बडौली

**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**भारतीय जन**ता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कांग्रेस पर दुष्प्रचार करने और किसान-कमरे वर्ग को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के समय में भी इसी प्रकार जनता को भ्रमित किया थो गत हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता ने उनके झूठ का जवाब वोट से दिया है` यह बात पं. मोहन लाल बड़ौली ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह पानीपत परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है` यहाँ किसानों के हितों को सर्वोपरि माना जाता है` प्रदेश में किसानों के लिए खाद की कोई कमी नहीं है और किसानों की 24 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है` उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मंगलसेन के बताए रास्ते पर चलते हुए हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है` उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि मुनियों ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र की धरा पर बैठकर श्रीमदभागवत गीता के माध्यम से संसार को निष्काम कर्म का संदेश दिया था उसी प्रकार हरियाणा की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाकर सरकार बनाने का अवसर दिया।

## रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता: महंत दुर्गा दास

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** रविवार को ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर भिवानी खेड़ा में सर्व समाज कल्याण सेवा समिति एवं सैनी यूथ फैडरेशन द्वारा भिवानी खेड़ा युवा क्लब के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत दुर्गा दास एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डा. सत्य भूषण द्वारा किया गया। अतिथियों का शिविर में पधारने पर समिति के संरक्षक



नरेश सैनी, प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल मथाना, फेडरेशन के अध्यक्ष मोहित सैनी व निखिल सैनी ने बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महंत दुर्गा दास ने बताया कि रक्त को कृत्रिम रूप से बनाया नहीं जा सकता है। यह इंसान के शरीर में स्वयं ही बनता है इसकी आपूर्ति का कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने रक्तदान को महादान बताया। एक बार रक्तदान करने से आप तीन लोगों का जीवन बचा सकते हैं। समाजसेवी डा. सत्यभूषण सैनी ने लोगों से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से कोलेस्ट्रॉल घटाने में मदद मिलती है। रक्तदान करने से शरीर में नया खून और नई सेल्स बनते हैं जो रक्त को पतला करती है। समिति के संरक्षक नरेश सैनी ने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। फैडरेशन के अध्यक्ष मोहित सैनी भिवानी खेड़ा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 19 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर अनिल सैनी, करनैल सैनी, निखिल सैनी, प्रदीप सैनी, मोहित सैनी, संजीव सैनी, करमचंद सैनी, धर्मवीर सैनी, राहुल सैनी, खेमचंद सैनी, दिव्या सैनी, विनोद सैनी, काला, दिवांशु सैनी, मोहनलाल, जय सिंह, सतवीर सिंह, लीलाराम, हिशम आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री ने टीचर संगठन की मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** आज पानीपत में राज्य /राष्ट्रीय शिक्षक अवार्डी संगठन के सभी जिलो के शिक्षक माननीय शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा जी से उनके आवास पर मिले। मंत्री जी ने अवार्डी शिक्षकों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। राज्य /नैशनल अवार्डी टीचर संगठन के राज्य प्रधान राजेन्द्र शर्मा ने मंत्री जी को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। प्रधान राजेन्द्र शर्मा ने अवार्डी शिक्षकों की मांग शिक्षा मंत्री के सामने रखी जिनमें 2 साल का सेवा विस्तार, 2 अतिरिक्त वेतन वृद्धि एवं आनलाईन तबादला नीति में 5 अंक देने



की मांग रखी।शिक्षा मंत्री जी ने इन मांगों को विधानसभा सत्र के बाद उच्चाधिकारियों से बातचीत करके पुरा करने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री से मिलने के बाद उनके भाई हरपाल ढांडा से भी शिष्टाचार भेंट की। जल्द ही चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री से मिलकर अवार्डी शिक्षकों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें पानीपत के स्टेट अवार्डी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा को संगठन का संरक्षक नियुक्त किया गया एवं राजेश पुनिया जयदीप रणबीर कुंडू एवं मीना कंबोज को राज्य कार्यकारिणी में लिया गया।

### कली राम खिप्पल मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित होंगे रक्तदाता

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भारतीय सेना में सेवा कर चुके पूर्व सैनिक / नायक कली राम खिप्पल जी की पुण्यतिथि पर 26 नवंबर को करनाल मानव सेवा संघ करनाल में प्रातः 10 बजे से 2 बजे के मध्य राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 5 अथवा 5 से अधिक बार रक्तदान कर चुके रक्तदाताओं और अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में कली राम खिप्पल मेमोरियल अवार्ड के लिए कोई भी योग्य समाजसेवी 9053115315 पर पंजीकरण करा सकता है।

## राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/(कमाल हुसैन)

महानिदेशक आयुष हरियाणा पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ संजय राजपाल के नेतृत्व में आयुष विंग सिविल अस्पताल पानीपत में 18 नवंबर को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन प्रातः 10 बजे आयुष विभाग पानीपत में किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ संजय राजपाल एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ सुनील मल्होत्रा व डॉ मेनका द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। संगोष्ठी का साथ साथ प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित एक प्रदर्शनी भी लगाई



गई जिसमें कच्चे फल , सब्जियां , अंकुरित अनाज वीव मिट्टी पट्टी प्रदर्शित की गई । इस प्रदर्शनी में सुनिल मल्होत्रा ने प्रेशर कुकर द्वारा किस तरह से घर पर ही भाप द्वारा असाध्य रोगों को ठीक किया जा सकता है यह भी दिखाया । प्राकृतिक चिकित्सक डॉ सुनील द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक चिकित्सा में प्रकृति के पांच तत्वों के द्वारा रोगों की चिकित्सा की जाती है। डॉ सुनील द्वारा बताया गया कि किस प्रकार सूर्य की किरणों का प्रयोग असाध्य रोगों को ठीक करने के लिए किया जाता है ।उन्होंने बताया कि मनुष्य जितना सूर्य के संपर्क में रहेगा उतना ही अधिक स्वस्थ रहेगा। प्राकृतिक चिकित्सक डॉ मेनका ने बताया कि किस प्रकार संतुलित आहार को जीवन में अपनाकर व्यक्ति अपने आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बना सकता है ।उन्होंने कहा आहार ही औषध है। इसके अलावा संगोष्ठी में योग की सूक्ष्म क्रियाओं , जल नेति ,रबड़ नेति , गरम ठंडा सेक का अभ्यास भी करवाया गया। इस निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा संगोष्ठी में आमजन ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया...

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि आयोजक लक्की सुखीजा परिवार ने श्याम पूजन किया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक बब्बू चावला ने श्याम भजनों से समां बांधा। साथ ही हनुमान जी के भी भजन सुनाए गए। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही



पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार...

इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम संकीर्तन में सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे।

चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। श्री श्याम आरती में श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,राकेश चौहान,अशोक अरोड़ा,ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा, जतिन शर्मा,विजय गुलाटी,सुरेन्द्र काठपाल, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध, साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़, जतिन सैनी बिशनगढ़, शेर सिंह शेरा,कृष्ण कुमार, हिमांशु मल्होत्रा,अंशु, अनमोल,गौरव, शंटी,अंशुमान, सर्वेश,शुभम,कपिल सोनी और राजीव बारना आदि शामिल रहे।

**बाबा के दर पर**

चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका

## प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने किया संजय अग्रवाल को सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
पानुपत/(;कमाल हुसैन )

हरियाणा प्रदेश भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान 2024 के तहत पानीपत जिले की कार्यकर्ता बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। जिसमें पानीपत जिले के सभी भाजपा कार्यकताओं में जोश भरने का कार्य किया गया इस दौरान हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने पानीपत जिले में सबसे ज्यादा भाजपा पार्टी की सदस्यता करने पर भाजपा नेता संजय अग्रवाल को सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश



अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने बताया कि भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने पानीपत जिले में अब तक की सबसे ज्यादा सदस्यता की है ऐसे में मैं संजय अग्रवाल को शुभकामना देता हूं। वही भाजपा नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का अभियान चला हुआ है ऐसे हमारी पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से भाजपा की सदस्यता करने के लिए प्रत्येक बूथ पर जा रही है।

वहीं लोगों का भारतीय जनता पार्टी के प्रति स्नेह प्रत्येक दिन बढ़ता नजर आ रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### किसान के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर।** आहुलाना गांव में खेत से अपने घर लौट रहे किसान के साथ गांव की व्यक्तियो ने लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी जाते हुए व्यक्ति को जान से मारने की धमकी भी दे गए। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में आहुलाना निवासी सतीश ने बताया कि वह मोटरसाइकिल पर 7 नवंबर की रात को अपने खेत से घर जा रहा था। जब वह गांव की लाईब्रेरी के पास पहुँचा तो गांव के ही राकेश ओर दीपक ने उसका रास्ता रोक लिया ओर लोहे की रॉड से उसके ऊपर हमला कर घायल कर दिया। आरोपियो ने जाते हुते उसकी मोटरसाइकिल भी तोड़ दी। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजपुर गांव का युवक 195 ग्राम चरस से साथ आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** बड़ी थाना पुलिस ने 195 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शक्ति उर्फ चाचा राजपुर गांव का रहने वाला है। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर ने बताया कि उनकी पुलिस टीम सांदल मोड़ पर गस्त पर थी। इस दौरान राजपुर की तरफ से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस ने रोक कर उसकी चेकिंग की तो आरोपी के पास से 195 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपनी पहचान शक्ति उर्फ चाचा के रूप में दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया।

### एनआरआई को दी पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी, पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई

**राई।** ओमेक्स सिटी में विला बेचने के बाद पैसे मांगने पर एनआरआई की धमकी दी। धमकी मिलने पर एनआरआई महिला पिंकी ने बहालगढ़ थाना पुलिस को शिकायत देते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में एनआरआई पिंकी दुग्गल ने बताया कि वे अपने पति के साथ अमेरिका में रहते है। अब वह सोनीपत में आई है। आरोप है कि मेरे पति ने ओमेक्स सिटी में विला रेखा नाम की महिला को बेचा था। उसके बाद रेखा से संबंधित संपत्ति का भुगतान प्राप्त किया गया और रजिस्ट्रेशन की प्रकिया पूरी कर दी गई थी। आरोप है कि इसके अतिरिक्त मेरे पति ने कुछ घरेलू सामान, फर्नीचर, टी वी, 4 ए सी., फ्रिज आदि 12 .5 लाख कीमत तय करके उसे रेखा को ही बेच दिया गया था। इसके लिए एक लिखित समझौता किया गया था। समझौते में लिखा गया कि उक्त राशी तीन वर्षों के अन्दर दे जाएगी। अब तीन वर्ष होने को है लेकिन आज तक रेखा कुमारी ने मुझे कोई राशी नहीं दी है। आरोप है कि पैसो मांगने पर वह मुझे जान से मारने की धमकी देती है। इसके मेरे पास तथ्य भी है। वह लगातार ये भी कहती है वह अपने रिश्तेदार के राजनीतिक प्रभाव के कारण मुझे जेल में भी डलवा सकती है। एनआरआई ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिला पुलिस कमीशनर व अन्य अधिकारियों से मांग की है कि वह विदेश से आई है, उसकी मदद करके उसके पैसे दिलवाए जाए। धमकी देने के कारण डर और मानसिक दबाव महसूस कर रही हुं। एनआरआई ने सुरक्षा की मांग की। उन्होंने बताया कि उन्हें जल्दी अमेरिका जाना है। पुलिस ने शिकायत के बाद कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था।

# जोश और उत्साह के साथ लाखों लोग पहुंचेगें जीन्द: कृष्ण बेदी

**प्रदेश सरकार की तरफ से 24 नवम्बर को भगवान वाल्मिकी की राज्यस्तरीय जयन्ती का आयोजन किया जाएगा**

**मान सम्मान**

**इस पावन पर्व पर समाज के लाखों लोग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मान सम्मान करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश की 90 विधानसभाओं से पूरे जोश और उत्साह के साथ लाखों लोग 24 नवम्बर को जीन्द के ऐतिहासिक एकलव्य में पहुंचेगें। इस ऐतिहासिक मैदान में प्रदेश सरकार की तरफ से 24 नवम्बर को भगवान वाल्मिकी की राज्यस्तरीय जयन्ती का आयोजन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस पावन पर्व पर समाज के लाखों लोग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मान सम्मान करेंगे।
कैबिनेट मंत्री भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित अभिनन्दन समारोह में बोल रहें थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का कैबिनेट मंत्री बनने के बाद अम्बाला पहुंचने पर पूर्व मंत्री संतोष सारवान, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, भाजपा युवा नेता गौरव बेदी, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेशपाल नोहनी, भाजपा नेता मोहन लाल बग्गन, भाजपा नेता संजीव कुमार, सुरेश कुमार सहोता, पूर्व मेयर रमेश मल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वीनू गर्ग, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सोनिया प्रोर्चा, एससी मोर्चा के मडल अध्यक्ष दीपक, पीपी सिंह, राकेश केसरी, जसबीर मुलाना, देवेन्द्र लक्की, सोनिया, अंजलि सहित हजारों कार्यकत्ताओं और समाज के गणमान्य लोगों ने फूल मालाओं से भव्य और जोरदार स्वागत किया ।
कैबिनेट मंत्री ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण के लिए संघर्ष करने वाले समाज के महान लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गो के संघर्ष के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक कलम से कैबिनेट की बैठक में अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण के अहम फैसले को लागू करने का काम किया।
इस आरक्षण के लिए बड़े स्तर पर आंदोलन किए गए और आरक्षण में वर्गीकरण लागू भी हुआ लेकिन पंजाब में 1975 में इस फैसलें को तुरन्त लागू कर दिया था। परन्तु हरियाणा में अक्तूबर 1994 में इस फैसले को लागू किया लेकिन वर्ष 2005 में कांग्रेस की सरकार ने आरक्षण में वर्गीकरण का लाभ देना बंद कर दिया। हालांकि कोर्ट ने भी केवल रोजगार के लिए इस फैसले पर रोक लगाई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण पर रोक लगाने का काम किया। इस लिए मजबूरन अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा और सर्वोच्च न्यायालय ने अगस्त 2024 में आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला समाज के हक में किया। इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रत्तीभर भी देर नहीं लगाई और एक कलम से आरक्षण के वर्गीकरण का फैसला लागू कर दिया। इस अहम फैसले पर नेक नीति से काम करने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का 24 नवम्बर को जीन्द के एकलव्य खेल मैदान पर आयोजित होने वाले वाल्मिकी जयन्ती समारोह में लाखों लोगों द्वारा सम्मान किया जाएगा। इस लिए 24 नवम्बर को हर विधानसभा से कम से कम 1000 व्यक्ति जीन्द पहुंचना सुनिश्चित करें।

## शंभू बॉर्डर से किसान 6 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शंभू बार्डर व खनौरी बार्डर पर किसान जत्थेबंदियों ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। पिछले 9 महीने से पंजाब और हरियाणा बार्डर पर अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन तेज करने का फैसला किया है। किसान संगठनों ने दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। किसानों ने आज चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके का कि वह 6 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे। किसान नेताओं सरवन सिंह पंढेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि वह 26 नवंबर को भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिस दिन खनोरी बॉर्डर पर भूख हड़ताल पर बैठेंगे उस दिन से सरकार को 10 दिन का समय दिया जाएगा। अगर कोई समाधान निकला तो ठीक, नहीं तो 6 दिसंबर को दिल्ली की और कूच करेंगे। किसानों का कहना है कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद बार्डर नहीं खओला गया है। वह 9 महीने से चुप बैठे हैं, सरकार ने कोई समाधान नहीं किया है। आगे किसानों ने कहा कि वह दिल्ली ट्रैक्टर-ट्रालियों में ही जाएंगे, क्योंकि इसमें उनका राशन व टैंट का सामान होता है। बता दें कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर चल रहे मोर्चे पर अनशन शुरू करेंगे। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली में आंदोलन समाप्त करते समय किसानों की मांगों को लिखित रूप से स्वीकार कर लिया था, लेकिन अभी तक मांगों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को आवश्यक डीएपी उपलब्ध कराने में भी विफल हो रही है।

## ट्रैफिक पुलिस ने शुरू किया धुन्ध के मौसम को देखते हुऐ वाहनों पर रेडियम टेप लगाने का अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस और आरटीओ विभाग द्वारा सर्दी के मौसम पडने वाली धुन्ध को देखते हुऐ वाहनो पर पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को यातायात पुलिस और आरटीओ विभाग ने ट्रैक्टर-ट्रालियो ऑटो रिक्शा पर टेप लगाकर अभियान की शुरूआत की। सर्दी के मौसम विशेषकर धुन्ध मे वाहन चालको को सावधानी बरतने के दिशा-निर्देश दिये जा रहें हैं।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नें बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में डीएसपी यातायात ओमप्रकाश के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस द्वारा आरटीओ विभाग के साथ मिलकर वाहनो पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा रही हैं।

## इद्रीश फाउंडेशन ने किया वार्षिक महोत्सव का आयोजन

**प्रस्तुतियां**

**कार्यो को सराहा और संस्था के साथ जुड कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** इद्रीश फाउंडेशन की ओर से वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का आरंभ विशेष अतिथि समाजसेवी मनोज बंसल जीए प्रोफेसर वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट से डॉण विनय कुमार मल्होत्राए चिराग सर ;गणितज्ञद्धए शशि सर ;पूर्व प्राचार्यए एसण्डीण बॉयज स्कूलद्धए नरेश ढींगड़ा सर ;रोटरी क्लबए अंबालाद्धए नवीन सर ;एसण्डीण कॉलेजद्धए कपिल जी ;महान समाजसेवीद्धए गुरदीप जी ;हमारे विशेष सदस्यद्धए राजीव जी ;हमारे विशेष सदस्यद्ध और मनदीप जी ;हमारे विशेष सदस्यद्ध माता गुजरी पब्लिक स्कूल शाहाबाद प्राचार्य कल्पना जीए रोट्रैक्ट क्लब एसडी कॉलेज की टीम का तिलक लगा स्वागत करते हुए किया गया।
दो साल बाद आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब रंग जमाया। कार्यक्रम में पूरे वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। विशेष अतिथि ने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया और बच्चों को मोबाइल से दूर रहते हुए पढाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने भी सरवस्ती वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद बच्चों ने हरियाणी नृत्यए भंगडाए वेस्टन डांसए कविता पाठन व अन्य गतिविधियों में भाग लेते हुए समां बांध दिया। खास कर हरियाणवी नृत्य और भांगडा पर दर्शक भी झूम उठे। मंच संचालक दीक्षा शर्मा ने कविता के माध्यम से संस्था के शुरू से लेकर अभी तक किए गए प्रयासोए इस दौरान आई कठिनाईयों व अन्य पहलुओं के सबके समक्ष रखा। इसके पश्चात विशेष अतिथियों ने भी विचार रखते हुए संस्था सदस्यों के द्वारा बच्चों की शिक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यो को सराहा और संस्था के साथ जुड कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## टिप्पर की चपेट में आने से समालखा के गुरमेल की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला-जगाधरी हाईवे स्थित साहा चौक पर सुबह करीब 9 बजे टिप्पर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक चालक समालखा निवासी 55 वर्षीय गुरमेल सिंह की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा 40 वर्षीय कुलदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।
बताया जाता है कि बाइक टिप्पर के नीचे बुरी तरह से फंस गई थी।



शोर मचने पर टिप्पर चालक रूका। हादसे के बाद काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची तो गुस्साए परिजनों ने जमा लगा दिया। मुख्य चौक पर ईंट बिछाने के बाद करीब पौने घंटे तक रोष जताया। मौके पर पहुंचे बराड़ा डीएसपी सुरेश कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ

**हादसा**

**हादसे में बाइक चालक समालखा निवासी 55 वर्षीय गुरमेल सिंह की मौत हो गई**

परिजनों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जाम खुलवाया। परिजनों ने बताया कि टिप्पर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस भी काफी देर तक घटनास्थल पर नहीं पहुंची और जाम खुलवाने मे जुट गयी। वहीं गुरमेल के शव को पोस्टमार्टम के लिए अबांला छावनी सिविल अस्पताल लाया गया। जबकि घायल भी छावनी सिविल अस्पताल में उपचाराधीन है वही स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र मे डंपरो की भरमार है प्रशासन को चाहिए कि वह ठोस कदम उठाए। जिससे होने वाले हादसों से बचा जा सके।

## सड़क के बीच तलवार लहरा उपद्रव करने मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)** सीआईए टू पुलिस टीम ने बापौली गांव में भलौर रोड़ पर आईटीआई के सामाने सड़क पर तलवार लहरा उपद्रव करने मामले में दूसरे आरोपी को रविवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोहेल उर्फ साहिल निवासी अधमी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले पकड़े जा चुके अपने साथी आरोपी दिलशाद निवासी बापौली व अन्य कई साथी आरोपियो के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकार। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक डंडा बरामद



कर सोमवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक तलवार बरामद कर पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया पूछताछ में आरोपी दिलशाद ने बताया था उसके दोस्त वाजिद की 24 अक्तूबर को आईटीआई के पास सड़क पर आने जाने वालों के साथ कहासुनी हो गई थी। वाजिद ने यह बात उसको व अन्य साथियों को बताई। 26 अक्तूबर को वाजिद के साथ वह गांव निवासी सहिल, आकाश व नौ दस अन्य साथी गंडासी, तलवार व डंडे लेकर बाइक पर सवार होकर भलौर रोड पर आईटीआई के सामने पहुंचे वहा राहगिरों को गाली गलौच करने के साथ जान से मारने की धमकी देकर उपद्रव मचाने की वारदात को अंजाम दिया था।

## अदबी संगम कुरूक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी हुई सम्पन्न

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सीनियर सिटीजन फोरम सेक्टर 13 कुरूक्षेत्र में अदबी संगम कुरूक्षेत्र की मासिक काव्य गोष्ठी डॉ सीडीएस कौशल जी हरियाणा साहित्य अकादमी संस्कृत प्रकोष्ठ की अध्यक्षता में व गंगा मलिक जी की मेजबानी में तथा डॉ संजीव अंजुम के संचालन में संपन्न हुई। कवि सम्मेलन में सभी सम्मानित सदस्यों,कवि, शायरों ने बहुत अच्छी कविताएं, गजल प्रस्तुत की। इस अवसर पर आज अदबी संगम कुरूक्षेत्र के अध्यक्ष सूबे सिंह सुजान ने नवोदित कवि मुनीष कुमार का स्वागत किया।

## जोश व उत्साह के साथ मनाया जाएगा गीता महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि कुरूक्षेत्र का पावन धरा पर जहां 28 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। वहीं प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अम्बाला में 9 दिसम्बर से लेकर 11 दिसम्बर तक जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन होगा। इस गीता जयन्ती समारोह में वैश्विक गीता पाठ, गीता सेमिनार, नगर शोभा यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केन्द्र रहेंगे।
उपायुक्त पार्थ गुप्ता आवास कार्यालय पर गीता जयन्ती समारोह को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधन कर रहें थे। इससे पहले



मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए सभी उपायुक्तों को 9 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक मनाई जाने वाली जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आदेश भी दिए कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाएगा। इस गीता जयन्ती समारोह में सभी जिलों में उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का आयोजन किया जाएगा। इस कमेटी में नगराधीश, एसडीएम, डीआईपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इस आयोजन का बजट

**भव्य**

**9 दिसम्बर से लेकर 11 दिसम्बर तक जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह का आयोजन होगा**

प्रदेश सरकार की तरफ से उपलब्ध करवाया जाएगा।
यूएलबी के आयुक्त एवं केडीबी के सदस्य सचिव विकास गुप्ता ने सभी जिला उपायुक्तों को वीसी के जरिए निर्देश दिए कि जिला स्तरीय गीता जयन्ती समारोह में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय रहते सभी प्रबन्ध पूरे किए जाने चाहिए।

## बदमाशों से लूटा गया सामान खरीदने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

सीआईए वन पुलिस टीम ने हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के बदमाशों से लूटा गया सामान खरीदने वाले दूसरे आरोपी को सेक्टर 18 मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान बिलाल निवासी मेरठ यूपी के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए हाईवे पर ट्रक लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पिछले दिनों गिरोह के सरगना हथवाला निवासी आरोपी आमिर, भारत नगर निवासी आरोपी मन्नु व हथवाला निवासी आरोपी आदिल को गिरफ्तार किया था।



पूछताछ में आरोपियों ने अपने पांच अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पानीपत, दिल्ली में एक-एक व सोनीपत में तीन ट्रक लूट की वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा था। लूट की उक्त वारदातों बारें संबंधित थाना में अभियोग दर्ज है। पानीपत में ट्रक लूट की उक्त वारदात बारे थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में चढ़ाऊ मोहल्ला निवासी ट्रक चालक रामतेज की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी इंस्पेक्टर

**काबू**

**पुलिस ने 10 नवम्बर रविवार को आरोपी मुकम्मिल को न्यायालय में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था**

संदीप ने बताया गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ में पानीपत पुलिस लाइन के नजदीक से लूटे ट्रक का सामान दूसरे केंटर में लोढ़ कर सामान यूपी के मेरठ ले जाकर वहा मुकम्मिल नाम के युवक को 3 लाख 50 हजार रूपए में उधार में बेचने बारे स्वीकारा था।
आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व वारदात में प्रयुक्त अर्टिगा गाड़ी बरामद कर गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 9 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था। रिमांड के दौरान पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों की निशानदेही पर बीती 9 नवम्बर को आरोपी मुकम्मिल को यूपी के मेरठ से गिरफ्तार किया। आरोपी मुकम्मिल ने पूछताछ में अपने साथी आरोपी बिलाल निवासी मेरठ के साथ मिलकर पार्टरनशिप में लूट का उक्त सामान खरीदने बारे स्वीकारा था।
गहनता से पूछताछ करने व लूटा गया सामान बरामद करने के लिए पुलिस ने 10 नवम्बर रविवार को आरोपी मुकम्मिल को माननीय न्यायालय में पेश कर 7 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया था।

## श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन 20 नवंबर से

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा परिवार द्वारा 20 नवंबर से नगर के विभिन्न भागों में प्रभात फेरियां शुरू की जाएगी, जो की प्रातः 5 से 7 तक 3 नवंबर तक आयोजित होगी। यह जानकारी देते हुए गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र के व्यवस्थापक राजेंद्र चोपड़ा ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर 4 दिसंबर से 8 दिसंबर तक संस्थानम में पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग आयोजित होगा। इसी के उपलक्ष्य में यह प्रभात फेरियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि श्री कृष्ण कृपा



गौशाला के प्रधान सुनील वत्स के नेतृत्व में आयोजित इन प्रभात फेरियों में भजन संकीर्तन होगा और पहली बार यह प्रभात फेरी 20 नवंबर को शीला कॉलोनी में स्थित डॉ नरेश मोंगिया के निवास स्थान पर आयोजित होगी। जहां संकीर्तन का आयोजन होगा। इसी

**सत्संग**

**4 दिसंबर से 8 दिसंबर तक संस्थानम में पांच दिवसीय दिव्य गीता सत्संग आयोजित होगा**

प्रकार प्रतिदिन किसी एक श्रद्धालु के घर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।
राजेंद्र चोपड़ा ने जानकारी दी कि 4 से 8 दिसंबर तक प्रतिदिन सायंकाल 3 से 6 बजे तक आयोजित दिव्य सत्संग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज व्यास पीठ से अमृत वर्षा करेंगे।

# महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल दबखेडी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र श्री वरूण सिंगला के रूप में शामिल हुए । कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल के सभी स्टाफ व अन्य गणमान्य व्यक्ति के साथ-साथ छात्र/छात्राये ने उत्सव में भागीदारी की। महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल की प्रसिपल ने वार्षिक उत्सव पर प्रकाश डाला और उत्सव के



मुख्य उद्देश्यो बारें में प्रकाश डाला और वार्षिक उत्सव के बारें में बताया।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को जिला कुरुक्षेत्र दबखेडी गांव में स्थित महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल ने अपना वार्षिक उत्सव समारोह बनाया । इस समारोह में मुख्य अथिति के रूप में स्कूल प्रशासनिक खंड की तरफ से पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला को आमत्रित करके स्मृति चिन्ह देकर समानित किया। पुलिस

**उत्सव**

**उनकी इज्जत करते हैं, नशे से दूर है, अपनी मेहनत के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करते है**

अधीक्षक वरुण सिंगला ने दीप प्रवजलित करके वार्षिक उत्सव का शुभ आरम्भ किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन सिनियर पब्लिक स्कूल के छात्र/छात्राओं ने विभिन्न प्रोग्रामों का आयोजन किया। समारोह के अंत में पुलिस अधीक्षक ने छात्र/छात्राओं को सम्बोथित कर-के हुए अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति रही है कि हम अपने माता-पिता की आँखो में आंसू नहीं देख सकते अतः हमें उनकी भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए व जीवन में कोई ऐसा कार्य न करें जिससे माता-पिता के दिल को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि भगवान ने मां-बाप को बच्चों का सबसे बड़ा शुभचिंतक बनाया है। जो व्यक्ति अपने माता-पिता की भावनाओं का ख्याल रखते है उनकी इज्जत करते हैं, नशे से दूर है, अपनी मेहनत के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करते है।

# गुरुद्वारा साहिबान को दी 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी द्वारा जिला के गांव बगथला में सुशोभित दो गुरुद्वारा साहिबान को आर्थिक सहयोग दिया है। सहयोग स्वरूप दोनों गुरुद्वारा साहिबान को 50-50 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। इस सहायता राशि के चैक हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने गुरुद्वारा श्री सिंघ सभा चढ़दीकलां व गुरुद्वारा बाबा प्रेम सिंह की प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारियों को सौंपे। प्रवकता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी एक धार्मिक संस्था है। मगर अपना सामाजिक दायित्व भी संस्था द्वारा बाखूबी निभाया जा



रहा है। संस्था द्वारा प्रदेश भर में जोरशोर से धर्म प्रचार किया जा रहा है। संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए अजराना ने बताया कि हरियाणा कमेटी द्वारा प्रदेश के अलग-अलग गुरुद्वारा साहिबान में श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धाभाव से बड़े स्तर पर मनाया गया है। कुरुक्षेत्र, बिलासपुर जिला यमुनानगर, नाडा साहिब, पिंजौर, अंबाला शहर व करनाल समेत अन्य जिलों में प्रकाश पर्व पर बड़े समागम करवाए गए हैं। इसके साथ ही जल्द ही श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरार साहिब अंबाला में खेलकूद एकैडमी शुरू की जाएगी, जबकि गुरुद्वारा साहिबान में संस्था द्वारा निशुल्क टैस्ट के लिए लैबोट्री भी खोलने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

**न्यूज फ्लैश**

## स्तोत्र गायन भारतीय ज्ञान परंपरा की मूल्यवान धरोहर: प्रो. संजीव शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में भारत रत्न गुलजारी लाल नन्दा नीतिशास्त्र दर्शनशास्त्र केन्द्र के तत्वावधान में सोमवार को संस्कृत स्तोत्र गायन प्रतियोगिता व व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने केन्द्र द्वारा पहली बार आयोजित इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्तोत्र गायन भारतीय ज्ञान परंपरा की मूल्यवान धरोहर है । इनके गान से अंतर्मन प्रसन्न हो जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. राजेश्वर प्रसाद मिश्र ने वेदों, ब्राह्मण ग्रंथों एवं कालिदास के साहित्य के माध्यम से विस्तार से स्तोत्र गायन की परंपरा एवं महत्व की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के सौजन्य से संपन्न हुआ। प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. सीडीएस कौशल ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए केन्द्र एवं सभी विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मदनमोहन छाबड़ा ने कुरुक्षेत्र के इतिहास एवं धार्मिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गुलजारीलाल नंदा केन्द्र की निदेशिका प्रो. शुचिस्मिता ने बताया कि केन्द्र के माध्यम से सदैव नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं, जिनसे नंदा जी के विचार एवं भारतीय संस्कृति का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी महाभारत, रामायण आदि ग्रंथों तथा अन्य सांस्कृतिक ग्रंथों के आधार पर छात्रों में ज्ञान परंपरा को विकसित करने के लिए आयोजन किए जाते रहेंगे। प्रो. कृष्णा देवी ने पुरस्कार वितरण किया। स्तोत्र गायन प्रतियोगिता में डा. चंद्रलेखा, डा. रामचन्द्र एवं डॉ. विजय श्री ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। मंच का संचालन विधि संस्थान की छात्रा सिया ने किया तथा प्रतियोगिता के संचालन में पपिन्द्र सिंह तथा रिम्मी वर्मा ने अपना सहयोग दिया।

## सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया ने धुंध के मौसम में मुख्यमंत्री के निर्देशों का आभार व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र, :** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के. (इंडिया) ने सरकार द्वारा सर्दी एवं धुंध के मौसम को देखते हुए उठाए गए कदमों को उचित एवं सराहनीय बताया है। सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल एवं जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सर्दी मौसम और धुंध की स्थिति के मद्देनजर सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए जो निर्देश जारी किए हैं वह नागरिक सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी भी हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री ने धुंध के मौसम में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर सफेद पट्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शों के अनुसार मौसम और धुंध की स्थिति के मद्देनजर सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को राज्य भर में सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर सफेद रिफ्लेक्टिव पट्टियां लगाने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य दृश्यता बढ़ाना और घनी धुंध के कारण कम दृश्यता की अवधि के दौरान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के साथ आम जन को भी सर्दी के मौसम तथा धुंध में सड़क पर चलते समय सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# असाध्य रोगों का इलाज प्राकृतिक चिकित्सा से ही संभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**

प्राकृतिक जीवन केंद्र गांधी स्मारक निधि आश्रम पट्टीकल्याणा मैं 7 वें राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सक डॉक्टर आकाश बिसोने ने बताया प्राकृतिक चिकित्सा दवा रहित चिकित्सा प्रणाली है, जिसे प्राकृतिक चिकित्सा कहा जाता है, के माध्यम से सकारात्मक मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए भारत में हर साल 18 नवंबर को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत सरकार के आयुष



(आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) मंत्रालय द्वारा 18 नवंबर, 2018 को घोषित किया गया था। भारत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को प्राकृतिक चिकित्सा का जनक माना जाता है। डॉ आकाश ने कहा प्रकृति सर्वशक्तिमान एवं स्वयं चिकित्सक हैं जिससे सभी रोगों का इलाज संभव है। प्राकृतिक चिकित्सा स्वस्थ जीवन बिताने की एक कला और विज्ञान है। यह प्रकृति के ठोस सिद्वान्तों पर आधारित बिना दुष्प्रभाव के रोग निवारण पद्वति है। मानव शरीर प्रकृति के पंचतत्वों से निर्मित है। मिट्टी, पानी, धूप, हवा और आकाश जैसे तत्वों से शरीर का निर्माण हुआ है और इन्हीं पांच तत्वों के संतुलन से शरीर कार्य करता है। प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार बीमारी का मुख्य कारण विजातीय पदार्थ है। हमारे शरीर की जीवनी शक्ति कमजोर होने पर विजातीय पदार्थ शरीर में एकत्रित होने लगते हैं जिससे जीवाणु को पनपने लायक एक अनुकूल वातावरण तैयार हो जाता है । प्राकृतिक चिकित्सा की विभिन्न विधियां आहार चिकित्सा, उपवास चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, जल चिकित्सा, मालिश चिकित्सा, सूर्य किरण चिकित्सा, वायु चिकित्सा, क्षेत्रीय वनौषधियां का बिना दुष्प्रभाव प्रयोग होता है।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का हो भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जिलास्तीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियां शुरू की दी गई हैं। हर वर्ष की तरह यह समारोह सुभाष स्टेडियम में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की गीता जयंती समारोह को लेकर आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृति कार्य विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग ने विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ जिलास्तर पर 09 से 11 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। मीटिंग में संबोधित करते हुए उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी की जायेगी।

उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों सभी तैयारियां को लेकर उच्च अधिकारियों को ड्यूटी सौंपी जायगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के लिए एडीसी अंकित चौधरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# फाउंडेशन ने असहाय कन्या की शादी में किया कन्यादान




**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** श्री बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन ने असहाय कन्या के विवाह में 11 हजार रुपये व आठ साड़ी का कन्यादान किया हैं। गिरधर शर्मा पुजारी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा व कार्यकारिणी के संज्ञान में लाया गया कि मौहल्ला कानोड़िया निवासी दिवंगत राजेंद्र कानोड़िया की दोहती मुस्कान की शादी 18 नवंबर की है। जिसके पास शादी करने के लिए बहुत ही अपर्याप्त साधन है। फाउंडेशन द्वारा विवाह स्थल पुरानी रामलीला ग्राउंड को नि:शुल्क उपलब्ध करवाया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की असहाय कन्याएं हमारे समस्त समाज की बेटियां हैं। इसलिए हमें अपनी बेटी को सम्मान के साथ विदा करना चाहिए।

# पति-पत्नी के बनते-बिगड़ते रिश्ते की झलक दिखा गया एक राग दो स्वर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नाट्यम पंजाब द्वारा हर वर्ष की भांति भटिण्डा के नवनिर्मित बलवंत गार्गी ऑडिटोरियम में 13वें नाट्यम नैशनल थियेटर फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा कला परिषद की ओर से नाटक एक राग दो स्वर का सफल मंचन हुआ। कीर्ति कृपाल और उनकी टीम द्वारा आयोजित नाट्य उत्सव में विकास शर्मा के निर्देशन और राजेंद्र कुमार शर्मा के लेखन में प्रस्तुत नाटक एक राग दो स्वर के मंचन के दौरान मुख्यअतिथि के रुप में पंजाब राज्य व्यापारी आयोग



निर्यात और कराधान विभाग के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि सिल्वर ओक्स स्कूल के निदेशक इंद्रजीत बराड़ उपस्थित रहे। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों द्वारा अभिनीत नाटक के जरिए आधुनिक परिवेश में पति-पत्नी के रिश्ते को उजागर किया गया। नाटक में दिखाया गया कि सुरेंद्र और सरला हमेशा लड़ते-झगड़ते रहते हैं, जिससे उनकी बेटी पिंकी को भी माता-पिता का प्यार नहीं मिल पाता। वही सुरेंद्र का मित्र अनिल उनके बीच आए दिन हो रहे झगड़े से दुःखी रहता है। इसी बीच जब सुरेंद्र के पिताजी उसके घर पर रहने के लिए आते हैं तो वो भी झगड़े का दृश्य देखकर काफी निराश हो जाते हैं और वापस लौट जाते हैं।

# टेम्पो पलटने से एक सवारी की मौत

**गन्नौर।** खेड़ी रोड पर तेज रफ्तार टेम्पो पलटने से उसमें बैठे दो भाई घायल हो गए। घायल को खानपुर मेडिकल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना में दी है। शिकायत में आहुलाना गांव निवासी दिलबाग ने बताया कि उसका भाई रोहतास राज मिस्त्री का काम करता है। वह 17 नवम्बर को अपने बड़े भाई रोहतास के साथ किसी काम से गन्नौर आया हुआ था। काम खत्म कर वह शाम को गांव के ही रहने वाले जोगिंद्र के टेम्पो में घर जाने के लिए बैठ गए। जोगिंद्र टेम्पो को तेज गति से चला रहा था।

# मील का पत्थर साबित होगी लोक सांस्कृतिक विरासत: योगानन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** युवा पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगी लोक सांस्कृतिक विरासत, यहां पर हरियाणा तथा उत्तर भारत की विरासत का जो सांस्कृतिक खजाना संकलित किया गया है वह आने वाले दिनों में युवा पीढ़ी को अपनी लोक सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ेगा। यह उद्गार दिल्ली विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री योगानन्द शास्त्री ने विरासत दि हेरिटेज विलेज के अवलोकन के पश्चात कहे। उन्होंने कहा कि विरासत के माध्यम से हरियाणा के लोक सांस्कृतिक स्वरूप को जिस तरीके से दिखाया जा रहा है वह अपने



आप में अनूठा एवं अनुपम कार्य है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोक पारंपरकि दरवाजों को यहां पर नवीन स्वरूप में प्रस्तुत कर लोक संस्कृति के संरक्षण का कार्य किया है। विरासत में पुरानी विषय-वस्तुओं का जो अद्भुत संग्रह है वह आने वाली पीढ़ी के लिए पीढि ?ों के इतिहास को दशार्येगा। उन्होंने कहा कि विरासत आने वाले दिनों में एक ऐसा संस्थान बनेगा जो फिल्मांकन के लिए उत्तर भारत में अद्भुत स्थल होगा। इस मौके पर झज्जर गुरुकुल के संग्रहालय के क्यूरेटर विरजानन्द ने कहा कि विरासत में हरियाणा के सांस्कृतिक इतिहास को जिस स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है वह अपने आप में किसी अजूबे से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विरासत हरियाणा नहीं उत्तर भारत के लिए सांस्कृतिक स्थल के रूप में विकसित होगा। इस मौके पर स्वामी दयानंद सभा के मंत्री कन्हैयालाल आर्य ने विरासत के अवलोकन के पश्चात कहा कि विरासत में हरियाणा की लोक पारंपरिक विषय-सामग्री को जिस तरीके से संकलित किया गया है वह अपने आप में अनूठा कार्य है। आने वाली पीढ़ी के लिए यह संकलन वरदान साबित होगा। इस अवसर पर विरासत के समन्वयक डॉ. महाङ्कषसह पूनिया ने आर्य समाज के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत किया।

# राव जयराम स्कूल के छात्र ने स्वर्ण पदक किया हासिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** अटेली रोड स्थित राव जयराम स्कूल के छात्र यशु ने 68वें फिट इंडिया राष्ट्रीय खेल में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया हैं। राव जयराम शिक्षण संस्थान निर्देशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि 68वें फिट इंडिया राष्ट्रीय खेलों का आयोजन खेल स्टेडियम नादियाड़ (गुजरात) में 13 से 18 नवंबर तक किया गया था, जिसमें तीरंदाजी में हरियाणा की टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए राव जयराम स्कूल के छात्र यशु ने स्वर्ण पदक हासिल किया हैं। हमारे विद्यालय के अनेक छात्रों ने इस से पहले भी सराहनीय प्रदर्शन कर अनेक पदक अपने नाम किए हैं। इसी कड़ी में यशु ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर हरियाणा प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया हैं। यह इस छात्र की कड़ी मेहनत और प्रतिभा का नतीजा है कि जिसके बलबूते पर यह आज इस मुकाम तक पहुंच पाया हैं। प्राचार्या राजेश यादव ने बताया कि राव जयराम स्कूल के लिए यह एक गौरव का क्षण है कि हमारे विद्यालय के एक छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल किया हैं। यशु एक बहुत होनहार छात्र है तथा इसने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की हैं।

# विद्यार्थियों को किया गया कैंसर के प्रति जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस के वूमैन सेल की ओर से सोमवार को कैंसर जागरूकता के संदर्भ में चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सावित्री वर्मा ने अवेयरनेस कैन हेल्प इन द फाइट अगेंस्ट कैंसर जैसे संवेदनशील विषय पर अपने अनुभवों को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य साझा किया। सावित्री वर्मा ने बहुत की आत्मीयतापूर्ण ढंग से इस बीमारी में



होने वाले लक्षणों, सावधानियां और उपचार के माध्यमों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे कोई रोगी सकारात्मक सोच, आंतरिक शक्ति और संतुलित आहार के माध्यम से इस रोग से संघर्ष करते हुए अपना जीवन व्यतीत कर सकता है।

इस विषय पर चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया कि कैसे समय से पहले ही इस तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन वुमैन सैल की संयोजक डॉ. पूनम कुमारी ने किया। संस्थान की प्राचार्या प्रो. रीटा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य वक्ता सावित्री वर्मा का सम्मान किया।

# उपायुक्त के आदेशों के बावजूद खोले गए स्कूलों को बंद करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने खराब वायु गुणवत्ता के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए सोमवार को पांचवी कक्षा तक के स्कूलों की छुट्टी करने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद कुछ गैर सरकारी स्कूल स्कूल खोले हुए थे। इसकी शिकायत जब खंड शिक्षा विभाग को मिली तो ब्लाक रिसार्स कार्डिनेटर (बीआरसी) आजाद दहिया ने स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हों प्रयास स्कूल व गुरुकुल अगवानपुर स्कूल खुले हुए पाए गए। इस पर बीआरसी ने उनके

**निरीक्षण**

**सोमवार को पांचवी कक्षा तक के स्कूलों की छुट्टी करने के आदेश जारी किए थे**

स्कूल बंद करवा कर उन्हें चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के आदेशों की अवेहलना न करें। स्कूल संचालक ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर सकते हैं। बीआरसी आजाद सिंह ने बताया कि उन्हें स्कूल खुले होने की शिकायत मिली थी।

# हरियाणवी फैशन शो से बही ऑस्ट्रेलिया में हरियाणवी संस्कृति की धारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,** सिडनी ऑस्ट्रेलिया: एसोसिएशन ऑफ हरियाणवीज इन ऑस्ट्रेलिया द्वारा रोजहिल गार्डन्स रेसकोर्स में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में 16 नवंबर 2024 को भव्य बहु-सांस्कृतिक सांझ का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणवी लोक नृत्य, रागनी एवं हरियाणवी फैशन शो ने सिडनी में हरियाणवी संस्कृति के विविध स्वरूप प्रस्तुत किए। इस सांस्कृतिक संध्या में एक हजार से अधिक हरियाणवी एन.आर.आई. लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर सिडनी में रैंप पर हरियाणवी सांस्कृतिक छटा का




विविधआयामी स्वरूप देखने को मिला। यह जानकारी विरासत के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया एवं ए.एच.ए. के अध्यक्ष सेवा सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस भव्य आयोजन में ऑस्ट्रेलिया के बहु-सांस्कृतिकता, लघु व्यवसाय, भूमि और संपत्ति और खेल मंत्री स्टीफन कैंपर, डिप्टी विपक्षी सचेतक सेनेटर मारिया कोवाचेविच, मार्टिन जैटर, लॉर्ड मेयर, पेरामैट्टा व प्रसिद्ध काउंसलर्स रीना जेठी, समीर पांडे, श्रीनी पिल्लामारी, मोनिंदर सिंह, और बारबरा वाड गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने मनाया यादव शौर्य दिवस








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के द्वारा यादव शौर्य दिवस मनाया गया।
इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने बताया कि 18 नवंबर 1962 भारत-चीन रेजांगला युद्ध 114 वीर अहीर जवानों के शौर्य पराक्रम, शहादत व बलिदान के सम्मान में और भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट गठन के लिए आज हम यहां पर पहुंचे हुए हैं। हम आज यादव शौर्य दिवस मना रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि हमने आज अहीर रेजिमेंट गठन की मांग को लेकर देश के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को ज्ञापन भी सौपा है और मांग की है कि सेना में अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए।
इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन रामचंद्र यादव व हवलदार निहाल सिंह यादव (1962 युद्ध के हीरो) और विशेष अतिथि के रूप में नीरू यादव सरपंच, पूनम यादव, टी सी राव के अलावा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, राष्ट्रीय सचिव सागर यादव, राष्ट्रीय महासचिव राजबहादुर यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण यादव, राष्ट्रीय महासचिव पारस यादव, राष्ट्रीय महासचिव रास बिहारी मंडल, राष्ट्रीय महाचिव जीडी



यादव, राष्ट्रीय सचिव आरएस यादव, आरबी यादव, अभय यादव, उमाशंकर यादव, हेमंत, दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, विजय यादव, प्रमोद यादव, वासुदेव यादव, अर्जुन यादव, धर्मराज यादव, संजय यादव, राम अवध यादव, हरीलाल यादव, शिशुपाल यादव, रमेश यादव सहित हजारों की संख्या में लोग यहां पर मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने कहा कि जब अन्य समाज की रेजीमेंट बनी हुई है तो सरकार को हमारी रेजीमेंट बनाने में क्यों परेशानी आ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सेना के अंदर अहीर रेजिमेंट का गठन किया जाए। नहीं तो यादव समाज मिलकर एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगा। इस मौके पर भारत के कई राज्यों से आये हुए यदुवंशियों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये।






## प्रदूषण से बच्चों की जान को खतरा, वर्क फ्रॉम होम की मांग: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के कारण जनजीवन खतरे में है। बीते दिनों दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी मलेर्ना ने राजधानी के सरकारी स्कूलों में पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने तथा दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों को स्कूल में उपस्थित होकर पढ़ाई जारी रखने के निर्देश दिए थे। इन आदेशों के तहत सभी शिक्षकों का स्कूल आना अनिवार्य किया गया था। हालाकि राजधानी में प्रदूषण का स्तर जानलेवा स्थिति पर पहुँच गया, जिसमें अधिकतम एक्यूआई 1300 से 1600 तक दर्ज किया गया। महासचिव अजयवीर यादव ने बताया कि दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों की स्कूलों में उपस्थिति बेहद कम रही। जो छात्र स्कूल पहुंचे। इस दौरान कई को आँखों में जलन, सांस लेने में कठिनाई, गले में चुभन, थकान



और सिरदर्द की शिकायतें हुईं, जिसके चलते पढ़ाई बाधित रही। यह स्थिति केवल छात्रों तक सीमित नहीं रही, बल्कि शिक्षकों को भी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसके चलते पहली से नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों की ऑनलाइन पढ़ाई भी सुचारू रूप से नहीं हो पाई। यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर राजधानी की स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस स्थिति में स्कूल खुले रखना छात्रों और शिक्षकों की जान को जोखिम में डालना है। उन्होंने मांग की कि तत्काल प्रभाव से स्कूल बंद कर, वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए जाएं।
उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में लाखों शिक्षक और स्कूल स्टाफ निजी और सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से स्कूल आते-जाते हैं, जिससे प्रदूषण की समस्या और गंभीर हो जाती है।
ऐसे में वर्क फ्रॉम होम के आदेश न केवल छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित रखेंगे, बल्कि अन्य दिल्लीवासियों को भी प्रदूषण में कमी का लाभ मिलेगा।

## बिरसा मुंडा की मूर्ति के सामने ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गाँव देहात बचाओ यात्रा सराय काले खां गाँव और नंगली राजापुर पहुँची। जहाँ पर ग्रामीणों ने पालम 360 के प्रधान चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी को बताया कि कुछ दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह जिस मूर्ति का अनावरण करके गये है उस जमीन का मुआवजा गाँव वालों को आज तक नहीं मिला।
1959 के अंदर इस जमीन का नोटिस किया गया और 1983 के अंदर अवार्ड की गई पर आजतक दुर्भाग्य से यहाँ के किसानों को सरकार की तरफ से कोई




मुआवजा राशि नहीं दिया गया, मजबूरी वस ग्रामीणों को उच्चतम न्यायालय का रुख करना पड़ा और हाईकोर्ट से भी ग्रामीण इस केस को जीत चुके है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में है। लगातार दिल्ली के किसानों को सरकारो ने ऐसे ही लुटा है कौड़ियों के भाव जमीन ले ली और शहरीकरण के नाम पर सारी ग्राम सभा की जमीन कब्जा ली, वहीं दूसरी तरफ नंगली रजा पुरखों की जमीन 2021 में बारा पुला एलिवेटेड रोड के लिए ली गई जिसका मुआवजा कुल 540 रुपये प्रति गज दिया गया।

# असड़ी ने विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा, नाकामियों को किया उजागर






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी की नाकामयाबी को लेकर भाजपा ने मोर्चा खोला, इस दौरान विधायक हाय-हाय के नारे भी लगाए गए। इस बीच भाजपा नेता हरीश असड़ी के नेतृत्व में क्षेत्र स्थित लाल बाग में घर-घर जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया। जिसमें मॉडल टाउन के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी की नाकामियों को जनता को बताया गया।
इस दौरान हरीश असड़ी ने केजरीवाल सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पिछले दस सालों में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की जनता के लिए क्या किया है।
उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या केजरीवाल की सरकार आप लोगों को पानी फ्री दे रही है, बिजली फ्री है क्या, इस पर लोगों ने कहा नहीं हमें पानी के पीने के लिए बाजार से 20 लीटर की बोतल मोल खरीदनी पड़ती है जो कि हर घर में दो बोतल कम से कम लगते हैं, इस दौरान झुग्गी-बस्ती के लोगों ने बिजली का बिल भी दिखाया किसी का 3000, 4000 बिजली के बिल भी आ रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से लचर पड़ी है, तथा सीवर लाईन भी चोक पड़ी है जिसके चलते गटर का गंदा पानी पूरी गली में फैल रहा है जिसके चलते इलाके में गंदगी का माहौल बना हुआ है। इस अभियान में लाल बाग झुग्गी विस्तारक नंदिनी रावत, मंडल अध्यक्ष वीरपाल सिंह, समिति अध्यक्ष शेर सिंह, खंड प्रमुख हरिशंकर बाबू, विधानसभा विस्तारक राजपाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष एस खान, लज्जाराम साहू, पूर्वांचल मोर्चा प्रभारी देवेंद्र सिंह, मौजूद रहे।

## देवेन्द्र ने यात्रियों व राहगीरों को वितरित किये मास्क

**टीम एक्शन इंडिया/तीरथ राज**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली में अति संवेदनशील वायु प्रदूषण पर अरविन्द केजरीवाल के संरक्षण वाली दिल्ली सरकार नियंत्रित करने में नाकाम साबित हुई है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली में कोई काम नहीं किया सिर्फ लोगों को झुनझुना दिखाने का काम किया है। आतिशी और गोपाल राय बयानबाजी रोककर पर्यावरण शुद्धीकरण पर काम करें। दिल्ली प्रदूषण के मामले में भी विश्व में नंबर वन की श्रेणी में है। देवेन्द्र यादव ने गंभीर प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान लोगों को मास्क बांटे ताकि रोड़ पर चल रहे



लोगों और वाहन चालकों को प्रदूषण से कुछ हद तक बच सकें। कांग्रेस सकारात्मक विचारधारा में विश्वास रखती है इसलिए प्रदूषण नियंत्रण में भागीदारी निभाते हुए हम लोगों को मास्क बांट रहे है। आम आदमी पार्टी रेड लाईट ऑन गाड़ी ऑफ की योजना तो लेकर आई परंतु वालियंटर को मास्क तक वितरित नहीं किए गए।

## रेजांगला शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, वीरता और गौरव का किया स्मरण: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने जंतर-मंतर पर 1962 के भारत-चीन युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए रेजांगला शहीद दिवस मनाया।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिल्ली-एनसीआर के गणमान्य व्यक्तियों, पूर्व सैन्य अधिकारियों और समाजसेवियों ने शहीदों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया।
सभा में उपस्थित प्रमुख अतिथियों ने भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा और यादव समाज के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा, समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रबल बनाने पर बल दिया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे देश







की सेवा के प्रति समर्पित रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयास करें। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज यादव, कैप्टन रामचंद्र, महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव, महासचिव हेमंत यादव, दिल्ली के अध्यक्ष महेंद्र यादव व उपाध्यक्ष और दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थानसिंह यादव, नीरू यादव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने रेजांगला में चीनी सैनिकों को खदेड़ने वाले सैनिकों की गौरवगाथा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने 18 नवंबर 1962 की ऐतिहासिक लड़ाई पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रेजांगला के मोर्चे पर कर्नल शैतान सिंह के नेतृत्व में 13 कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी ने अद्वितीय शौर्य का प्रदर्शन किया। इस लड़ाई में 114 सैनिकों ने अपने प्राण न्योछावर कर लगभग 1,200 चीनी सैनिकों के मंसूबों को विफल कर दिया। यह वीरता भारतीय सैन्य इतिहास में अमर है। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए यादव समाज के बहुआयामी योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यादव समाज ने कृषि, सामाजिक विकास, शिक्षा और सैन्य सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाई है। समाज की इस परंपरा को जारी रखते हुए युवाओं को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। वहीं दिल्ली उपाध्यक्ष थानसिंह यादव ने इस दिन को न केवल शहीदों के बलिदान को स्मरण करने का अवसर बताया, बल्कि इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी करार दिया।
उन्होंने कहा कि रेजांगला दिवस हमें सिखाता है कि हम अपने देश की रक्षा और विकास के लिए हर संभव प्रयास करना है। सभा में महासचिव हेमंत यादव ने कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को वीरता, बलिदान और देशभक्ति के महत्व का संदेश देने का प्रयास है। सभा में मास्टर कृष्णपाल, अरूण यादव, मीना यादव, नितिन यादव, मनोज यादव आदि ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# टैक्स वृद्धि पर नगर निगम के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः कांग्रेस** ने नगर निगम बढे हुए टैक्स को लेकर नगर निगम की खिलाफत तेज कर दी। कांग्रेस ने मांग की है कि ड्रोन से सर्वे करा कर जो टैक्स तैयार किया गया है वह अप्रासंगिक और अव्यवहारिक है। इस पूरी प्रक्रिया को रद्द किया जाए और नए शिरे से सर्वे कराया जाए।



कांग्रेसियों ने सोमवार को जन समस्याओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर नगर निगम के खिलाफ जमकर हल्लाबोला। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय सेठ बाड़ा से जुलूस के रूप में होली गेट आर्य समाज रोड होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। जहां मेयर मुदार्बाद के नारे लगाए और धरने पर बैठ गये। धरना स्थल पर पहुंचे नगर उप आयुक्त अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने किया। चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में जीआइएस सर्वे जो कि ड्रोन के द्वारा किया गया उस सर्वे को समाप्त किया जाए और पुनः कर्मचारियों के द्वारा घर घर जाकर सर्वे कराया जाए तथा नगर निगम मथुरा वृंदावन ने जो टैक्स चार गुना बढ़ाया है उसको खत्म कर पुराना टैक्स लागू किया जाए। मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में बंदरों का काफी आतंक है जिससे कई पर्यटक परदेसी एवं स्थानीय जनता की बंदरों के आतंक से छत से गिरने के कारण मृत्यु हो चुकी है।

मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र की सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे हैं कूड़े के कारण नालियां भरी हुई है जिससे हजारों की संख्या में स्थानीय जनता लंगड़ा बुखार एवं संक्रमित बीमारियों से पीड़ित है जिससे कई व्यक्तियों की जान जा चुकी है। भ्रष्टाचार के पैसे का बंदरबांट के लिए झगड़े से जनता के लिए विकास के काम रूके हुए हैं तथा 182 करोड रुपए जो विकास के लिए आया था वह वापस हो चुका है 35 करोड रुपए जो प्रत्येक वार्ड में बिजली का काम होना है उस फाइल पर मेयर के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जा रहे हैं। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष यतेन्द्र मुकदमा महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिखा चौधरी महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सिम्मी बैगम हरीश पचौरी प्रकाश शर्मा ने बृजेश शर्मा चन्द्रमोहन जयसवाल मोहम्मद आशिफ कुरैशी गिर्राज सिंह छोकर रवि निशाद दीपक पाठक मीरा देवी डॉक्टर दीपक आर्य डॉ अशोक सैनी अशीक शर्मा दिलीप चौधरी महेश चौबे सलीम अब्बासी प्रवीण भास्कर रोशन लाल अखलाक चौधरी सलमान चौधरी मोहम्मद नसरुद्दीन

अब्बासी इन्द्रजीत गौतम यासीन शमीम अब्बासी बेबी ठाकुर दीपक शर्मा हर्ष चौधरी विजय सिंह लोधी प्रिय पाल सिंह।

# देखरेख की अभाव में शोपीस बनी तीसरी आंख, लाखों रुपये की लागत से वृंदावन के प्रमुख चौराहे 13 हो पर लगे थे

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** वृंदावन में चोरी, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं के साथ साथ यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से तीसरी आंख के रूप में लगाए सीसीटीवी कैमरे इन दिनों देखरेख के अभाव में शोपीस बने हुए है। जिसके चलते लोग बिना किसी भय डर के यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। इसे लेकर शनिवार को जब हमारी टीम ने अट्ल्ला चुंगी चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे व लाइटों को देखा तो वह पूरी तरह बंद नजरआए। यहां बताते चले कि प्रशासन द्वारा धार्मिक नगरी वृंदावन में आने वाले श्रद्धालु की सुरक्षा व वाहन चालकों को यातयात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख



अट्ल्ला चुंगी चौराहे पर पुलिस की खुफिया आंख के रूप में कैमरे लगाए गए थे। जिससे कि चोरी, छीनेती, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं के साथ वाहन स्वामियों को गाड़ी चलाते समय सीट बैल्ट, हेल मैट, तीन सवारी, स्पीड, आदि जैसे नियमों का पालन कराया जा सके, लेकिन अब नियमों का पालन कराने के लिए तीसरी आंख के रूप में लगाए कैमरे स्वयं अपनी बदहाली पर आंसु बहाने पर मजबूर है। स्थानीय लोगों की माने तो कैमरों को खराब हुए कई महीने हो चुके है। इस अभी तक किसी ध्यान आकर्षित करना भी जरूरी नहीं समझा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कठपुतली शो नये मतदाताओं को किया जागरूक



**मथुरा।**

**राजकीय महाविद्यालय** मांट मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने तहसील परिसर मांट में नवीन मतदाता पंजीकरण, नाम परिवर्तन, फोटो तथा पता परिवर्तन करने के लिए कठपुतली शो द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल डॉ० दीन दयाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मांट, अभिनव जे जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी से कहा कि नवीन मतदाता फॉर्म 6, नाम परिवर्तन के लिए फॉर्म 7, फोटो एवं पता परिवर्तन के लिए फॉर्म 8 ऑनलाइन भर सकते हैं तथा विशेष संक्षिप्त परीक्षण तिथियां 23 नवंबर तथा 24 नवंबर 2024 को संबंधित बीएलओ के पास फार्म 6, फार्म 7 एवं फ फॉर्म 8 निर्धारित संलग्नकों साथ जमा कर सकते हैं। महाविद्यालय छात्रा मोहनी शर्मा ने नवीन मतदाता पंजीकरण संबंधी कविता प्रस्तुत की। तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपने-अपने गांव में जिन लोगों जिनकी उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष हो चुकी है, उनसे ऑनलाइन या ऑफलाइन मतदाता पंजीकरण कराने की अपील की। जिला मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं. शीतल, कोमल, रंजन एवं ज्योति ने कठपुतली शो में प्रस्तुति दी।

### उर्वरक की सुचारू आपूर्ति के लिए केंद्रीय उर्वरक सचिव से सूर्य प्रताप शाही ने की मुलाकात

**लखनऊ**

**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा सोमवार को नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय में उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा से स्वयं मुलाकात कर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा उर्वरक की आपूर्ति एवं उपलब्धता तथा रैक के मूवमेन्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने उर्वरक की स्थिति की जानकारी देने के साथ ही प्राथमिकता के आधार पर प्रदेश में उर्वरक समय से भेजने का आग्रह किया। रबी फसलों की बुवाई के दृष्टिगत वर्तमान में किसानों के मध्य फास्फेटिक उर्वरकों की मांग में एका-एक वृद्धि हुई है। प्रदेश के पश्चिमी जनपदों में गेहूं की बुवाई भी तेजी से रही है। साथ ही कृषकों के द्वारा दलहनी एवं तिलहनी फसलों की बुवाई भी लगभग पूरी कर ली गई है। आलू एवं गन्ना फसलों की बुवाई का कार्य भी शीघ्र ही पूरी होने वाली है। रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की बुवाई भी पूरे प्रदेश में एक साथ प्रारंभ हो गई है। वर्तमान में लगभग 16000 मी०टन डीएपी एवं 11000 मी०टन एनपीके का क्रय किसानों द्वारा किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में एक साथ गेहूं की बुवाई को देखते हुए कम से कम 12 रैक फास्फेटिक उर्वरकों की प्रतिदिन आपूर्ति माह नवम्बर, 2024 के शेष दिनों में करने को कहा गया। बैठक के दौरान गत वर्ष माह अक्टूबर एवं नवम्बर में खपत को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष भी उतनी मात्रा में डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात पर चर्चा हुई। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार डीएपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में सार्थक वार्ता हुई। सचिव, उर्वरक, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि मंत्री को आश्वासन दिया गया कि प्रदेश को फास्फेटिक उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी तथा प्रदेश हेतु डिस्पैच की जाने वाली फास्फेटिक उर्वरक रैक भी पश्चिमी पोर्ट से अधिक से अधिक प्रदेश को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर कृषकों की उर्वरक क्रय करने दृष्टिगत सहकारिता क्षेत्र को प्राथमिकता दी जाती है, परन्तु कृषकों के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर एक साथ सहकारिता क्षेत्र से उर्वरक क्रय करने हेतु पहुँचने से उर्वरकों की कमी होने के बारे में भी जानकारी दी गई।

## निजी सुरक्षाकर्मियों से झगडे श्रद्धालु

**मथुरा।** सोमवार की सुबह बांके बिहारी मंदिर में कार्यरत निजी सुरक्षाकर्मी और श्रद्धालुओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें बाहर से आए श्रद्धालुओं के साथ मंदिर में कार्यरत निजी सुरक्षा कर्मियों ने हाथापाई कर दी। आपको बताते चलें कि आए दिनों बांके बिहारी मंदिर में निजी सुरक्षा कर्मियों के द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट करने का वीडियो वायरल होता रहता है। जिसमें मंदिर की सुरक्षा में लगे निजी सुरक्षा कर्मी श्रद्धालुओं के साथ बुरी तरीके से मारपीट करते हुए नजर आते हैं। ताजा वीडियो बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर 2 का है। जहां पर किसी बात को लेकर निजी सुरक्षा कर्मी और श्रद्धालुओं के बीच बहस हो गई।

# महाकुंभ 2025 को लेकर मथुरा में शुरू हुई गतिविधियां

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 के मध्य प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 का आयोजन होगा। इस अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज आयेंगे। साथ ही उत्तर प्रदेश में स्थित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल जैसे वाराणसी, मथुरा, अयोध्या, मीरजापुर आदि के भी दर्शन करेंगे। महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने यात्रियों, दर्शनार्थियों के सुगम एवं सुरक्षित यात्रा तथा प्रवास हेतु जनपद के अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जनपद में साफ सफाई, सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, पार्किंग एवं अन्य जन



सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत तथा निमार्णाधीन कार्यों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को खंभों व ट्रांसफार्मरों की रैपिंग तथा खुले तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। रोस्टर अनुसार डॉक्टरों की ड्यूटी, जगह जगह पर एम्बुलेंस, प्राथमिक स्वास्थ्य किट, सीएचसी व पीएचसी में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को अपने क्षेत्रों में आने वाली सभी सड़कों को पैच लैस, गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु निर्देशित किया। रोडवेज के अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार बसों की डिमांड करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर नगर आयुक्त नगर निगम मथुरा वृन्दावन रामजी, सचिव मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार द्विवेदी, एसीएमओ भूदेव सिंह, डीपीआरओ किरण चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# स्व. अमोल पहलवान के भाई को गोली मारने की घटना निकली झूठी

## पुलिस ने गोली लगने से घायल सोरन सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया

**मथुरा।** स्व. अमोल पहलवान के भाई को गोली मारने की घटना झूंठी निकली। पुलिस ने घालय सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गीतम पुत्र तोताराम, हरिओम पुत्र मूला, रवि पुत्र मान सिंह, ओंमवीर पुत्र बलबीर निवासीगण ग्राम पैगांव थाना शेरगढ़ को शेरगढ़ से उझानी रोड पर बनी स्व. चेतराम मुकदम की धर्मशाला के अंदर थाना क्षेत्र शेरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। जबकि सोरन सिंह पुत्र स्व. रंजीत सिंह निवासी ग्राम पैगांव थाना शेरगढ को अस्पताल से हिरासत में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक झूठी घटना का खुलासा करते हुए इनके कब्जे से दो तमंचा, चार कारतूस, दो चाकू बरामद किये गये हैं। घटना इस तरह हुई कि पुरानी रंजिश के चलते शेरगढ़ के गांव पैगाम में स्वर्गीय अमोल पहलवान के बड़े भाई को नामजद लोगों ने गोली मार दी थी। थाना शेरगढ़ के गांव पैगाम में सोरन सिंह पुत्र रंजीत सिंह पड़ोस के ही एक कार्यक्रम में गया था जहां पहले से ही घात लगाए खड़े नामजद लोगों ने सोरन सिंह के पैर में गोली मार दी। जिसमें सोरन सिंह गिर पड़ा और हमलावर गोली मारकर भाग गए शोर शराब सुन कर परिजन घटनास्थल की तरफ दौड़े और जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। घायल ने बताया कि पहले छोटे भाई अनमोल पहलवान को गोली मारी थी जिसकी मौत हो गई वही हमलावरों ने फिर गोली मारकर हत्या करने की कोशिश की जिसमें गोली उसके पैर में लगी।

## महाकुम्भ 2025 में सत्तर सेल ऑन व्हील्स लगाने की तैयारी

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश पूर्वी टेलीकॉम सर्किल दूरसंचार विभाग ने महाकुम्भ 2025 में सुचारू दूरसंचार सेवाओं के लिये मेला क्षेत्र में सत्तर सेल ऑन व्हील्स (सीओडब्ल्यू) लगाने की तैयारी आरम्भ कर दी गयी है। सभी सेल ऑन व्हील्स को मेला क्षेत्र में पन्द्रह दिसम्बर से पहले स्थापित कर दिया जायेगा। महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में अचानक से बढ़ने वाली भीड़ के दौरान खराब नेटवर्क समस्या से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश पूर्वी एलएसए दूरसंचार विभाग के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने आवश्यक टॉवर लगाने का कार्य शुरू किया है।

# विद्या वह है, जो हमें बंधनों से मुक्त करे : आनंदीबेन पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ : ख़्वाजा** मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 149 पदक दिये गये। इसमें 61 स्वर्ण पदक दिये गये। इसमें छात्राओं ने जहां कुल 95 पदक प्राप्त किये वहीं छात्रों की संख्या 54 रही। स्वर्ण पदक भी छात्राओं को 39 मिले, जबकि छात्रों को 22 मिले। दीक्षा कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी की डिग्रियां को डिजी लॉकर पर अपलोड करने का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने लड़कियों द्वारा सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्या वह है जो हमें बंधनों से मुक्त करे। उन्होंने कहा कि परिश्रम करना हमारा कर्तव्य एवं अवॉर्ड से अधिक महत्वपूर्ण ज्ञान होता है, जो सदैव उपयोगी होता है। इसी वजह से आप पढ़ते रहिए। साथ ही लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का भी लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने इतिहास पर प्रकाश डालते हुए इस कहा कि विदेश से लोग आए और हमारी तकनीक को अध्ययन कर कई अविष्कार कर अपने नाम कर लिया ।

उन्होंने विश्वविद्यालय से कहा कि अलग अलग भाषाओं में लिखी गई पुस्तकों का अनुवाद होना चाहिए, जिससे हमारे युवा वर्ग को हमारे समृद्ध ज्ञान एवं कौशल से अवगत कराया जा सके। साथ ही पाठ्यक्रमों में भी इस बारे में उल्लेख होना चाहिए कि विद्वानों ने किस तरह ये

**पदक**

**चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 149 पदक दिये गये**

सब लिखा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में ये भी कहा कि उपाधि प्राप्तकताओं के साथ साथ ये प्रदेश एवं देश की भी उपलब्धि हैं, क्योंकि किसी भी देश के विकास कि परिभाषा वहाँ के नागरिकों के शिक्षा के स्तर से आंकी जाती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दीक्षांत समारोह का अवसर आपके लिए अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित होने के साथ साथ आप द्वारा भविष्य के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों पर अग्रसर होने का भी अवसर है। वहीं उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने ज्ञान का अर्जन समाज के हित में लगाना चाहिए। मुख्य अतिथि सीपेट के महानिदेशक शिशिर सिन्हा (उढएळ) को डी. लिट की मानद उपाधि एवं मान पत्र राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा प्रदान किया गया। शिशिर सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय के नवम् दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करना उनके लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने अपने अभिभाषण में विश्वविद्यालय, शिक्षकों एवं अभिभावक गणों की सराहना करते हुए उन्हें विद्यार्थियों के साथ साथ शुभकामनाएँ दीं।

# सिटी बसों में कराई रेंडम टिकट चेकिंग

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नगर** विकास विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा मथुरा में इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन कराया जा रहा है। सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान ने सोमवार को जनपद में विभिन्न रूटों पर संचालित सिटी बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बस की परिचालक से यात्रियों की संख्या के सापेक्ष टिकटों के संबंध में जानकारी ली गई। इसके उपरांत बसों में रेंडम टिकट चेकिंग की गई एवं बसों की कंडीशन भी देखी गई। जनपद में नागरिकों के द्वारा उक्त बसों का उपयोग अपनी दैनिक यात्राओं में यथा संभव अधिक से अधिक किया जाए एवं यात्रियों को सिटी बसों में यात्रा के दौरान किसी




कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए बसों को पूर्णतया यात्रियों की सुगम सुविधा एवं सुरक्षित यात्रा के लिए अनुकूल बनाया गया है।

नगर विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त सिटी बसें वातानुकूलित हैं एवं यात्रियों यथा महिलाएं व बच्चों की सुरक्षा के लिए समस्त बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जिनकी नियमित मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जा रही है। साथ ही समस्त बसों मैं कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने से रोकने के लिए पैनिक बटन लगे हुए हैं। बसों में मोबाइल चार्जिंग करने की समुचित सुविधा है। इसके अतिरिक्त ब्रज दर्शन के लिए अलग से विशिष्ट बसें संचालित हैं जो ब्रज चौरासी कोस में पड़ने वाले प्रमुख धार्मिक जैसे गोवर्धन नंदगांव बरसाना आदि स्थलों का भ्रमण यात्रियों को कराती हैं। जिनमे गाइड भी तैनात हैं। इसके अतिरिक्त बसों में महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए अलग से सीट आरक्षित हैं।

अतः यात्रीगण संचालित सिटी बसों को अधिक से अधिक उपयोग करें एवं अभ्यर्थी इस दौरान निशुल्क यात्रा का लाभ उठाएं।

# अब नशे में ऑटो दौडाया तो खैर नहीं, पुलिस ने चलाया अभियान

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। तेज** रफ्तार, तेज धुन में बजता डीजे और नशे में धुत ऑटो चालक, मथुरा में सवारियां भरकर सडक पर दौडते ऑटो रिक्शा चालकों की इस स्थिति से हर कोई वाकिफ है। अगर अनजान है तो सिर्फ पुलिस। अब पुलिस को भी इस की सुध आ गई है। यातायात माह के दौरान सोमवार को पुलिस टीम ने ऑटो चालकों को एकत्रित कर यातायात के नियमों की जानकारियां दी गई तथा पंपलेट वितरित किए गए। विशेष रूप से चालकों को गाड़ी की हैडलाइटों की लो बीम तथा हाई बीम, गाड़ियों में प्रेशर हॉर्न न लगाने तथा गाड़ियों में चारों ओर




रिफ्लेक्टर पट्टियों को लगाने हेतु विस्तृत रूप से समझाया गया। शहर के महत्वपूर्ण स्थानो पर आटों, ई रिक्शा, टेम्पो आदि के वाहन चालकों को एकत्रित कर यातायात नियमों की पंपलेट बांटे गए तथा उन्हें यातायात नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलाई गई ।

एवं शहर के महत्वपूर्ण स्थानो पर आमजन सामान्य को एकत्रित करके यातायात नियमों की जानकारी दी गयी एवं ब्लैक स्पॉट के बारे में जानकारी दी गयी अन्य यातायात पुलिस एवं नागरिक पुलिस द्वारा आमजनमानस को यातायात नियमों के सम्बंध में जागरुक किया गया। यातायात नियमों ( दो पहिया वाहन बिना हेलमेट न चलाना, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी न बैठाना, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना आदि ) के प्रति जागरुक किया गया। नशा करके वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध संयुक्त रुप से चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की गयी, फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया गया, मोडीफाइड साइलेंसर , प्रेशर हार्न , हूटर सायरन, एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी, दैनिक चौकिंग के दौरान विधि विरुद्ध चल रहे कुल 1635 वाहनों के चालान किये गये व यातायात पुलिस द्वारा यातायात के दृष्टिगत जगह-जगह अभियान चलाकर पम्पलेट वितरित कर वाहन चालकों को जागरूक किया गया एवं पीए सिस्टम के माध्यम से जागरुक किया गया ।

# शादी समारोहों में नाबालिगों से कराया काम तो जाएंगे जेल

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** शादी समारोहों में जब बाराती और घराती खुशी से नाच गा रहे होते हैं उसी भीड में कुछ ऐसा होता है जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जगमगाती लाइटों को सर्दी के मौसम में कंपकंपाते नन्हे हाथ थाम कर चलते हुए हर किसी ने देखे होंगे। कई बार बाराती और घराती इन बच्चों के साथ अभद्रता और गाली गलौज भी कर देते हैं। इसके बाद भी दो जून की रोटी के लिए ये बच्चे सब सहते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर आपको कुछ ऐसा दिखता है तो इसकी शिकायत तुरंत करें। शासन, एनसीपीसीआर, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के आदेशों के क्रम में सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल के निर्देशन में नरहौली गांव एवं सिम्स हॉस्पिटल के सामने बारात वाली लाइट ले जाते हुए सोमवार को छह बालश्रमिक जो 14 वर्ष से कम उम्र के खतरनाक प्रक्रिया में थे तथा तीन किशोर लाइट ले जाते हुए पाए गए। इनके सेवायोजकों के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी किये गये। मौके पर बच्चों का वैध आयु प्रमाण पत्र न होने पर आयु निर्धारण के लिए सीएमओ के सामने प्रस्तुत किया गया। आयु निर्धारण के उपरांत उन्हें सुरक्षा व संरक्षा के लिए सीडबल्यूसी के अध्यक्ष राजेश दीक्षित के समक्ष प्रस्तुत किया गया। टीम में प्रमुख रूप से सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एसपी पांडेय, नीलम, एएचटीयू से अनुज, चाइल्ड लाइन से विरेंद्र, तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चो से कार्य करने पर कानून रुपया 50000 तक जुर्माने अथवा 3 साल तक जेल अथवा दोनो सजा का प्राविधान है।

# घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे: योगी

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में की तीन रैली

**तीखा हमला**

**झामुमो मंत्री व कांग्रेस सांसद के घर मिलते हैं झारखंड के विकास के लिए आए करोड़ों रुपये**



**टीम एक्शन इंडिया**
**साहिबगंज/जामताड़ा/देवघर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के आखिरी दिन झारखंड में रहे। कांग्रेस, झामुमो व राजद पर हमलावर सीएम ने कहा कि झारखंड के विकास का जो सपना अटल जी ने देखा था, इन पार्टियों ने उस पर पानी फेर दिया। प्राकृतिक रूप से धनी झारखंड भौतिक विकास में पिछड़ गया। झा?खंड की जनता गरीब ही रह गई, लेकिन इन पार्टियों के नेता के घरों में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। कांग्रेस सांसद व झामुमो मंत्री आलमगीर-उसके नौकरों के घर करोड़ों रुपये मिले, जिसने गिनते-गिनते मशीन गर्म हो गई। एक-दो नहीं, बल्कि 70 मशीनें मंगाई गई। यह पैसा कांग्रेस, झामुमो व राजद का नहीं, बल्कि मोदी जी द्वारा झारखंड के विकास के लिए भेजा गया था। इन्होंने जितना लूटा है, 23 नवंबर के बाद एक-एक पाई का हिसाब होगा। यह पैसा झारखंडवासियों के घर आएगा। सीएम ने विश्वास दिलाया कि एनडीए सरकार बनने के बाद घुसपैठियों को लात मारकर निकालेंगे।

**जहां भी डबल इंजन सरकार, वहां घुसपैठियों के लिए जगह नहीं**

सीएम योगी ने कहा कि राजमहल, साहबगंज व आसपास के क्षेत्र को बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्या मुसलमानों का अवैध गढ़ बनाने का काम हो रहा है, लेकिन जिन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की डबल इंजन सरकार है, वहां घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वहां दंगा, कर्फ्यू और गुंडागर्दी नहीं, बल्कि समृद्धि व सुशासन है। यूपी में डबल इंजन सरकार होने के कारण वहां कोई घुसपैठ, गोहत्या, बेटी की इज्जत से खिलवाड़ नहीं कर सकता, किसी ने ऐसा किया तो यमराज के घर का टिकट पक्का है। यह कार्य केवल भाजपा गठबंधन कर सकती, झामुमो व कांग्रेस नहीं।

**घुसपैठियों को सेंधमारी का अवसर नहीं देना है**

सीएम योगी ने कहा कि पहले चरण का मतदान बता रहा है कि भाजपा नेतृत्व की एनडीए सरकार दो तिहाई से अधिक सीटों पर विजयी होकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने 'मोदी की गारंटी' गिनाते हुए कहा कि 23 नवंबर को झारखंड में भाजपा सरकार आने के बाद 21 लाख परिवारों को पीएम आवास देंगे। डेढ़ लाख सरकारी नौकरी का विज्ञापन भी जारी करेंगे।

उन्होंने अपील की कि घुसपैठियों को सेंधमारी का अवसर नहीं देना है। भाजपा सरकार बनने के बाद इन घुसपैठियों को लात मारकर बाहर करेंगे। इनके रहनुमाओं से हिसाब होगा। सीएम ने चेताया कि जब-जब बटे थे तो कटे थे। अब बंटना नहीं है। जाति के नाम पर बांटने वाले नेता समाज व देश के दुश्मन हैं, इनसे सजग रहना है।

**कई प्रत्याशियों के लिए सीएम ने किया प्रचार**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहली रैली राजमहल विधानसभा क्षेत्र में की। यहां से विधायक अनंत ओझा को टिकट मिला है। सीएम की दूसरी रैली नाला विधानसभा क्षेत्र में हुई। यहां से भाजपा ने माधव चंद्र महतो को मैदान में उतारा है। तीसरी जनसभा देवघर में हुई। यहां सीएम ने विधायक व प्रत्याशी नारायण दास के पक्ष में रैली कर उन्हें फिर से विधानसभा भेजने की अपील की।

## सपा हार मान चुकी, अब जयंत को हराना है: ओवैसी




**टीम एक्शन इंडिया**
**मुजः मुजफ्फरनगर** में मीरापुर उपचुनाव को लेकर सियासी दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ है। यहां जनसभा को संबोधित करने पहुंचे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी मंच से जमकर गरजे। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर खूब निशाना साधा तो वहीं कटेंगे तो बटेंगे वाले बयान को लेकर भी बात की। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मीरापुर के ककरौली में कहा कि क्या मुख्यमंत्री झांसी में बच्चों की जान बचाने वाले याकूब के सामने बंटोगे तो कटोगे कह सकेंगे। भाजपा जहर फैलाने का काम कर रही है। महंगाई आसमान को छू रही है और मुख्यमंत्री बंटोगे तो कटोगे की बात कह रहे हैं। बीजेपी और सपा एक सिक्के के दो पहलू है।

**साधा निशाना**

**अखिलेश यादव पर खूब निशाना साधा तो वहीं कटेंगे तो बटेंगे वाले बयान को लेकर भी बात की**

## फास्ट न्यूज

### अपराधियों के खिलाफ की जाए कठोर कार्यवाही: सिलावट

**ग्वालियर।** जिले में कानून व्यवस्था की स्थति चाक-चौबंद रहना चाहिए। अपराध करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला वदर एवं आवश्यकता हो तो रासुका की कार्यवाही की जाए। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए हैं। मंत्री सिलावट ने सोमवार को जिले की कानून व्यवस्था के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का संकल्प है कि प्रदेश भय मुक्त और अपराध मुक्त हो। अपराधियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक में संभागीय आयुक्त मनोज खत्री, आईजी अरविंद कुमार सक्सेना, डीआईजी अमित सांघी, कलेक्टर रूचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव सहित पुलिस के मैदानी अधिकारी भी शामिल हुए। प्रभारी मंत्री सिलावट ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि जिले में अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। हिस्ट्रीसीटर एवं आपराधिक प्रवृति के लोगों पर सख्त कार्यवाही के साथ साथ सतत निगरानी भी की जाए। जिन थाना क्षेत्रों में अधिक अपराध हो रहे हैं, वहां के थाना प्रभारी एवं सीएसपी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए।

### सरकार लोगों की जान बचाने की बनाए व्यवस्था: अरोड़ा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में डेंगू का आंकड़ा पांच हजार के पार पहुंच गया है। हरियाणा विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर डेंगू के बढ़ते मामलों पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से सूबे की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने जवाब दिया। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब पर थानेसर से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा से सवाल उठाते हुए कहा कि डेंगू रोगियों का आंकड़ा छिपाया जा रहा है, सरकार को आंकड़ों को छिपाने की बजाय लोगों की जान बचाने के लिए व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। इसी बीच मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जवाब दिया कि सरकार की ओर से कोई आंकड़ा नहीं छिपाया गया है। हर शहर और गांवों में फॉगिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायतों को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि हर जगह फॉगिंग कराई जाए, वहीं शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद व पालिकाओं द्वारा फॉगिंग कराई जा रही है।

## चारधाम यात्रा: रिकॉर्ड संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादूनः उत्तराखंड की** विश्वविख्यात चारधाम यात्रा अब समाप्त हो चुकी है और शीतकाल के लिए चारों धाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट बंद हो गए हैं। अब दर्शन के लिए देश-दुनिया के तीर्थयात्रियों को छह माह तक का इंतजार करना होगा। इस वर्ष चारधाम यात्रा पर रिकार्ड 48 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं।
इस वर्ष चारधाम की कम यात्रा अवधि और आपदा के बाद भी रिकॉर्ड तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचे हैं। 10 मई से 17 नवंबर तक चारधाम यात्रा में कुल 48 लाख 11 हजार 279 तीर्थयात्रियों ने चारों धामों में दर्शन पूजन किया। सबसे अधिक केदारनाथ धाम 16 लाख 52 हजार 76 तीर्थयात्री पहुंचे, जबकि बद्रीनाथ धाम में 14 लाख 35 हजार 341 पहुंचे। इसी तरह यमुनोत्री धाम में सात लाख 14 हजार 755, गंगोत्री धाम में आठ लाख 15 हजार 273, हेमकुंड साहिब दरबार में एक लाख 83 हजार 722 तो गौमुख धाम में 10 हजार 112 तीर्थयात्रियों ने हाजिरी लगाई है। यात्रा काल में कुल पांच लाख 44 हजार 24 वाहन आए हैं, जबकि उच्च हिमालय स्थित केदारनाथ धाम में एक लाख 26 हजार 393 तीर्थयात्री हेलीकाप्टर से पहुंचे हैं।

**इस वर्ष 261 तीर्थयात्रियों की मौत व 20 यात्री हैं लापता**

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र आईटी पार्क देहरादून की ओर से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष चारधाम यात्रा में कुल 261 तीर्थयात्रियों की मौत हुई है।

**नवाया शीश**

**261 की मौत व 20 लापता, चारों धामों में कुल 48 लाख 11279 तीर्थयात्रियों ने नवाया शीश**

## प्रत्येक 10 शौचालयों पर नियुक्त होगा एक सफाईकर्मी




**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराजः महाकुंभ** 2025 को स्वच्छ महाकुंभ के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। इसका उद्देश्य यही है कि महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को साफ सुथरे टॉयलेट्स, यूरिनल पॉट्स की सुविधा प्रदान की जा सके, ताकि वो यहां से एक यादगार अनुभव लेकर वापस लौटें। इसके लिए मेला प्रशासन की ओर से गाइडलाइंस जारी की गई हैं। इसके अनुसार, शौचालयों की साफ सफाई पर फोकस रहेगा। साथ ही, मैनपावर की कमी न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। सभी वेंडर्स को सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप 10 शौचालयों पर एक सफाई कर्मी तैनात किया जाएगा, जबकि 10 सफाई कर्मियों पर एक सुपरवाइजर नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह, 20 यूरिनल्स पर एक सफाईकर्मी और 20 सफाईकर्मियों पर एक सुपरवाइजर तैनात रहेगा।

**सार्वजनिक स्वच्छता को किया जाएगा सुनिश्चित**

कार्याधिकारी महाकुंभ मेला आकांक्षा राना के अनुसार, मेला क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों और स्वच्छता सुविधाओं की बेहतर देखरेख के लिए जनशक्ति तैनाती पर मेला प्रशासन की ओर से कुछ मानक निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें हर हाल में वेंडर्स को सुनिश्चित करना होगा। इन नए मानकों का उद्देश्य सार्वजनिक स्वच्छता को उन्नत करना और श्रद्धालुओं व पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है।

**मानक**

**स्वच्छता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने निर्धारित किए मानक**

## सागर: छतरपुर से इंदौर जा रही यात्री बस पलटी, 12 यात्री घायल

**सागर:** मध्य प्रदेश के सागर में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस सवार करीब 12 यात्री घायल हुए है। 4 यात्रियों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी अनुसार घटना छानबीला थाना क्षेत्र के ग्राम सासन के पास रविवार देर रात की है। खुशबू ट्रैवल्स की स्लीपर बस एमपी 14 जेडसी 5106 रविवार रात छतरपुर से सवारियां लेकर सागर होते हुए इंदौर जा रही थी।

## यूट्यूबर सौरभ जोशी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानीः नगर के यूट्यूबर सौरभ जोशी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने पत्र भेजकर रंगदारी के नाम पर दो करोड़ रुपये मांगे हैं। पत्र में पांच दिन में पैसा देने और पुलिस के पास जाने पर घर के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस नक सौरभ जोशी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। ओलिविया रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी यूट्यूब सौरभ जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इस पत्र में दो करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। अन्यथा उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बहुत भयभीत है। उधर पुलिस ने सौरभ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सौरभ को मिले पत्र में लिखा है, नमस्ते सौरव, जोशी मैं करन बिश्नोई लॉरेंस बिश्नोई गैंग से हूं। यह पत्र आपको एक महत्वपूर्ण सूचना देने के लिए भेजा जा रहा है। हमारे बॉस लॉरेंस बिश्नोई ने आपको हमारी गैंग को दो करोड़ रुपये नकद देने का आदेश दिया है। यदि आप नकद राशि नहीं देते है तो आपको या आपके परिवार के किसी भी सदस्य को मारने का आदेश दिया गया है।

## लेटलतीफी से परेशान हितग्राहियों ने निगम कमिश्नर को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपालः** भोपाल में नगर निगम के हाउसिंग फोर ऑल प्रोजेक्ट में हो रही लेटलतीफी से परेशान हितग्राहियों ने सोमवार को आईएसबीटी निगम ऑफिस का घेराव कर दिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पोस्टर लेकर हितग्राहियों ने आइएसबीटी निगम ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी ऑफिस के अंदर घुसने लगे तो पुलिस ने रोक दिया। गुस्साए लोग गेट के सामने ही धरने पर बैठे गए। विरोध बढ़ता देख निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण मौके पर पहुंचे तो लोगों ने उन्हें घेर लिया। कमिश्नर ने लोगों को समझाया और कहा कि जल्द ही सभी को मकान दिए जाएंगे। सोमवार को निगम के हाउसिंग के 12 नंबर, बाग मुगालिया-गंगानगर के अधूरे प्रोजेक्ट के विरोध में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे हितग्राहियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मकान के लिए कई महिलाएं अपने नन्हें बच्चे को साथ लेकर पहुंची। वहीं प्रदर्शन के दौरान जैसे ही निगम कमिश्नर मौके पर पहुंचे लोगों ने उनका घेराव कर दिया।

**नारेबाजी**

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पोस्टर लेकर हितग्राहियों ने निगम ऑफिस के बाहर जमकर नारेबाजी की**

**ठंडक की दस्तक** पिछले एक सप्ताह से सर्दी धीमी गति से बढ़ रही थी और अब सर्दी का दायरा और बढ़ेगा

## राजस्थान में बदलेगा हवा का पैटर्न, सर्दी बढ़ने की आशंका



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुरः दीपावली** के बाद पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर अब राजस्थान के मौसम पर भी पड़ने लगा है। पिछले एक सप्ताह से सर्दी धीमी गति से बढ़ रही थी और अब सर्दी का दायरा और बढ़ेगा। कारण है कि दो दिन बाद से अब राजस्थान उत्तरी हवाओं की जद में रहेगा। ऐसे में बफीर्ली हवाओं का असर जिलों में देखने को मिलेगा। इससे राजस्थान के कई जिलों में दो से तीन डिग्री और रात के पारे में गिरावट होगी। राजस्थान में तेज सर्दी का दौर भले ही अब तक शुरू नहीं हुआ हो, लेकिन घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया। रविवार को उत्तरी राजस्थान के आठ जिलों में कोहरा रहा। जयपुर में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इस सीजन का जिले का सबसे ठंडा दिन रहा। वहीं, आज भी सात जिलों झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, नीमका थाना और श्रीगंगानगर में कोहरा छाया। पिछले 24 घंटे में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के अलावा बीकानेर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, जैसलमेर और जोधपुर के कुछ हिस्सों में रविवार को घना कोहरा रहा। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में तो विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम होने की स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों को ऑरेंज जोन में रखा। दिन में घने कोहरा और हल्की हवा चलने के कारण रविवार को 11 शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक भी नहीं पहुंचा। इसमें जयपुर के अलावा श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, पिलानी, सिरोही, फतेहपुर, सीकर, उदयपुर, फलौदी, बीकानेर शामिल है। पूरे प्रदेश में पिलानी (झुंझुनूं) में रविवार को सबसे ठंडा दिन रहा। जहां का न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो यहां के औसत अधिकतम तापमान से 11 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।

